वर्ष-10, अंक-167
इन्दौर, शनिवार
14 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

चाणक्य नीति

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य

इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

हिंडनबर्ग ने अडानी पर फोड़ा एक और बम!

स्विस बैंकों में जमा 2600 करोड़ की रकम जब्त होने का दावा

स्विस अधिकारियों ने मनी लॉन्ड्रिंग और जालसाजी जांच के तहत की यह कार्रवाई

नई दिल्ली (एजेंसी)।

हिंडनबर्ग रिसर्च अडानी ग्रुप के हाथ धोकर पीछे पड़ी है। अमेरिका की इस कंपनी ने अडानी पर एक और बम फोड़ा है। हिंडनबर्ग ने दावा किया है कि स्विस अधिकारियों ने अडानी की मनी लॉन्ड्रिंग और जालसाजी जांच के तहत कई बैंक खातों में जमा 31 करोड़ डॉलर से ज्यादा (करीब 2600 करोड़ रुपये) की रकम फ्रीज कर दी है। यह जांच 2021 से चल रही है। हिंडनबर्ग ग्रुप ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि स्विस अधिकारियों ने अडानी समूह से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग और प्रतिभूतियों की जालसाजी के आरोपों की जांच के तहत छह स्विस बैंक खातों में जमा 31 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम फ्रीज कर दी है। यह जानकारी अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग ग्रुप ने हाल ही में जारी स्विस क्रिमिनल कोर्ट के रिकॉर्ड का हवाला देते हुए दी है। उसने बताया कि 2021 से चल रही इस जांच ने भारतीय समूह से जुड़ी संदिग्ध ऑफशोर संस्थाओं से जुड़े वित्तीय लेनदेन पर प्रकाश डाला है।

हिंडनबर्ग ने दिया स्विस मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला

हिंडनबर्ग ने स्विस मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा, अभियोजकों ने बताया है कि कैसे अडानी के एक सहयोगी (फ्रंटमैन) ने BVI/मॉरीशस और बरमूडा के संदिग्ध फंडों में निवेश किया था। इन फंडों का ज्यादातर पैसा अडानी के शेयरों में लगा था। यह जानकारी स्विस क्रिमिनल कोर्ट के रिकॉर्ड्स से मिली है।

अडानी-हिंडनबर्ग विवाद को फिर दी है हवा

अडानी-हिंडनबर्ग विवाद जैसे ही खत्म होने वाला था, अगस्त में नए आरोपों ने इस प्रकरण को फिर से हवा दे दी। 2023 की शुरुआत में शॉर्ट-सेलर ने अडानी समूह पर टैक्स हेवन के जरिए बाजार के नियमों को तोड़ने का आरोप लगाया था। हिंडनबर्ग रिसर्च ने बाजार नियामक सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच पर आरोप लगाया है कि उन्होंने एक ऑफशोर फंड में निवेश किया था, जिसका संबंध अडानी समूह से है। हिंडनबर्ग रिसर्च शेयरों को शॉर्ट सेल करती है। इसका मतलब है कि यह उन शेयरों को लेती है और उम्मीद करती है कि उनका मूल्य गिरेगा। जब शेयर का मूल्य गिरता है तो हिंडनबर्ग रिसर्च उन्हें कम कीमत पर वापस खरीद लेती है और मुनाफा कमाती है। अडानी संग विवाद के चलते इसने काफी सुर्खियां बटोरी हैं।

केजरीवाल को मिली जमानत

न फाइल पर दस्तखत कर पाएंगे और ना ही दफ्तर जा पाएंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। कथित शराब घोटाले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए केजरीवाल को अब जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है।

इससे पहले, उन्हें ईडी के मामले में भी जमानत मिल चुकी थी। 21 मार्च को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ सख्त शर्तें भी लगाई हैं।

कोर्ट के आदेश के अनुसार, जमानत के बाद केजरीवाल न तो किसी फाइल पर दस्तखत कर पाएंगे और न ही अपने दफ्तर जा सकेंगे। साथ ही, उन्हें इस मामले में कोई भी सार्वजनिक बयान या टिप्पणी करने से रोक दिया गया है। इन शर्तों का पालन करना उनके जमानत का हिस्सा होगा।

ज्ञानवापी तहखाने की छत पर नमाज होती रहेगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। ज्ञानवापी मामले में वाराणसी कोर्ट ने हिंदू पक्ष को बड़ा झटका दिया है। वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी के व्यास जी तहखाना में नमाजियों की एंट्री पर रोक लगाने की हिंदू पक्ष की याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कस्टोडियन जिला अधिकारी वाराणसी को तहखाना में किसी भी तरह के मरम्मत करने काम न कराने का आदेश दिया है। वहीं सिविल जज सीनियर डिवीजन हितेश अग्रवाल ने तहखाना में चल रही पूजा को यथावत रखने का आदेश भी दिया। हिंदू पक्ष ने कोर्ट में अपील की थी कि व्यास जी तहखाना में नमाजियों की एंट्री को रोका जाए। याचिका निरस्त होने के बाद अब हिंदू पक्ष तहखाना की मरम्मत करने की मांग करते हुए जिला कोर्ट में अपील करेगा। हिंदू पक्ष ने याचिका में मांग की थी कि व्यासजी का तहखाना बहुत पुराना है छठ कमजोर है छत से पानी टपकता है तहखाना के पिलर भी कमजोर है, नमाजियों के छत पर इकट्ठा होने से छत को नुकसान हो रहा है। ऐसे में तहखाना की मरम्मत कराई जाए। साथ ही नमाजियों को व्यासजी तहखाना की छत पर जाने से रोका जाए।

मप्र-यूपी में बारिश से 24 घंटे में 34 मौतें

हिमाचल में सीजन की पहली बर्फबारी, लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद

नई दिल्ली (एजेंसी)।

देश के 17 राज्यों में आज भारी बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में 34 लोगों की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में गुरुवार (12 सितंबर) को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इससे तापमान अचानक गिर गया। किन्नौर, शिमला सहित कई इलाकों में आज सुबह से बारिश हो रही है। IMD ने उत्तराखंड में शुक्रवार (13 सितंबर) को रेड अलर्ट जारी किया है। चमोली में लगातार बारिश के कारण लैंडस्लाइड हुई। इससे बद्रीनाथ नेशनल हाईवे बंद हो गया है। राजस्थान में पिछले दो दिन से तेज बारिश से कई जिलों में पानी भर गया है। भरतपुर में स्कूलों में 4 दिन छुट्टी कर दी गई है। धौलपुर में भी अगले आदेश तक स्कूल बंद हैं।

पश्चिम बंगाल राशन घोटाला मामले में ईडी की छापेमारी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महामारी के दौरान पूरे राज्य में राशन वितरण में कथित अनियमितताओं के संबंध में शुक्रवार को कोलकाता और पड़ोसी जिलों के सात स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को दी। सूत्रों के अनुसार, संघीय एजेंसी की ताजा छापेमारी से एक दिन पहले गुरुवार को ईडी अधिकारियों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कथित वित्तीय घोटाले के संबंध में कई स्थानों पर छापेमारी की और गिरफ्तार पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के घर से मेडिकल छात्रों द्वारा ली गई परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं सहित कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। महिला अधिकारियों सहित ईडी के लगभग 40-50 अधिकारियों ने टीम बनाकर कोलकाता, कल्याणी, मेदिनीपुर, बारासात, सोनाखली और अन्य स्थानों पर परिसरों और कार्यालयों में छापेमारी शुरू की, विशेष रूप से खाद्य विभाग के कर्मचारियों और खाद्य निरीक्षकों से संबंधित स्थानों पर।

हमारी पार्टी की सरकार बनी तो बिहार में शराबबंदी हटा देंगे

प्रशांत किशोर बोले- विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

पूर्णिया। राजनीतिक रणनीतिकार से अब राजनेता बने प्रशांत किशोर ने कहा कि 'जन सुराज एक महीने के अंदर राजनीतिक पार्टी बनने जा रही है और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी।

पूर्णिया जिले में संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि राज्य में कम से कम एक करोड़ लोगों के समर्थन से पार्टी का गठन दो अक्टूबर को किया जाएगा और इसे किसी से गठबंधन करने की कोई जरुरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मैं साफ कर दूं कि जन सुराज बिहार की सभी 243 सीट पर चुनाव लड़ेगी, इससे एक भी कम नहीं।

इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आईपीएसी) के संस्थापक प्रशांत किशोर पूर्व में पीएम नरेन्द्र मोदी, बिहार सीएम नीतीश कुमार और आप पार्टी के संस्थापक अरविंद केजरीवाल जैसे कई नेताओं के चुनाव अभियानों को संभाल चुके हैं। उन्होंने बिहार में शराबबंदी कानून को लेकर कहा कि हमारी पार्टी की सरकार बनने के एक घंटे के अंदर ही प्रदेश से शराब पर लगी रोक हटा दी जाएगी।

बिहार में शराबबंदी कानून के आलोचक रहे पीके ने आरोप लगाया कि यह नीतीश कुमार की ओर से दिखावा के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कानून ने शराब की अवैध 'होम डिलीवरी के लिए रास्ता साफ कर दिया है। इस कानून के जरिए राज्य को आबकारी शुल्क के जरिए अर्जित होने वाले 20 हजार करोड़ रुपए से वंचित किया जा रहा है। इसकी आड़ में नेता और नौकरशाह अपनी हिस्सेदारी पा रहे हैं। पी के ने कहा कि वह योग्यता की राजनीति में विश्वास रखते हैं और अन्य दलों के उलट शराबबंदी के खिलाफ बोलने से नहीं कतराएंगे। उन्होंने कहा कि अन्य दलों को शराबबंदी का विरोध करने पर महिला मतदाताओं के मत खोने का डर रहता है। उन्होंने कहा कि बिहार की दुर्दशा के लिए नीतीश कुमार और उनके पूर्ववर्ती लालू प्रसाद को जिम्मेदार मानते हैं, हालांकि कांग्रेस और बीजेपी भी इसमें दोषी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लालू के गलत कार्यों पर आंखें मूंद लीं क्योंकि उनकी राजद पिछली यूपीए सरकार की अहम सहयोगी थी। इससे उन्हें सत्ता में बने रहने में मदद मिली, हालांकि राजद के पास कभी भी विधानसभा में बहुमत नहीं था।

हथौड़ा लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग खुद ही तोड़ने लगे मस्जिद

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा हथौड़ा लेकर खुद ही मस्जिद तोड़ने की घटना की खूब चर्चा हो रही है। शिमला की संजौली मस्जिद को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब मंडी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खुद ही मस्जिद तोड़नी शुरू कर दी है। शिमला की सड़कों पर बवाल देख मंडी में रहने वाले मुस्लिम मस्जिदों के अवैध हिस्से को खुद ही तोड़ रहे हैं। आपको बता दें कि मस्जिद का ये हिस्सा लोक निर्माण विभाग की जमीन पर बनाया गया था जिसे तोड़ा जा रहा है। शिमला और मंडी में हिंदुओं का प्रदर्शन देख पहली बार मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक बड़ा ऐलान किया है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन शांति की बातें करनी शुरू कर दी है। मुस्लिम पक्ष ने अब खुज संजौली मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने का प्रस्ताव रख दिया है। मस्जिद के इमाम अब बोल रहे हैं कि अमन और भाई चारा बस बना रहना चाहिए। शिमला के जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद शफ़ी कासमीने कहा कि हमने इसमें (ज्ञापन) कहा है कि, इस क्षेत्र में इस सीमावर्ती राज्य में भाईचारे (समुदायों के बीच) की एक बड़ी आवश्यकता है। हम हमेशा यहां रहते हैं सद्भावना बनाए रखने के लिए यदि कोई हिस्सा (मस्जिद का) अवैध है, तो हमें बताएं और हम इसे स्वयं हटाने के लिए तैयार हैं। संजौली मस्जिद के इमाम शैजाद आलम का कहना है कि हमने यह आवेदन इसलिए दिया क्योंकिहिमाचल प्रदेश के सभी लोग दशकों से सद्भाव के साथ रह रहे हैं। हम भविष्य में भी सद्भाव और प्रेम से रहना चाहते हैं।

एक ही परिवार के चार लोगों की निर्मम हत्या

बलौदाबाजार (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में गुरुवार शाम को एक ही परिवार के चार लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। मृतकों में दो महिला, एक युवक और एक मासूम शामिल हैं। इस मामले में पुलिस ने तीन संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल हत्या का कारण पता नहीं चला है। यह घटना कसडोल थाना क्षेत्र के छरछेद गांव की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, मृतकों में 45 वर्षीय चेतराम केवट, उनकी दो बहनें यशोदा और जमुना,

और जमुना का 11 माह का बच्चा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने जादू-टोना के संदेह में हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने शक के आधार पर तीन संदिग्धों को हिरासत लिया है और पुलिस तीनों से लगातार पूछताछ कर रही है।

वियतनाम में चक्रवात 'यागी' से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 233 हुई

नई दिल्ली (एजेंसी)। वियतनाम में अब भी 103 लोग लापता हैं तथा 800 से अधिक घायल हुए हैं। तूफान 'यागी' दशकों में वियतनाम में आने वाला सबसे शक्तिशाली तूफान है। यह शनिवार को 149 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तट से टकराया था। वियतनाम में चक्रवात यागी के कारण आई बाढ़ तथा भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों से और शव बरामद होने के बाद मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 233 हो गई। देश की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी।

हिजबुल्लाह ने किया जवाबी हमला, 22 सैनिकों की मौत

तेल अवीव (एजेंसी)। तेल अवीव के उपनगरीय इलाके में 8200 गिलोट खुफिया इकाई के बेस पर लेबनानी आंदोलन हिजबुल्लाह ने जवाबी हमला किया, जिसमें 22 इजरायली सैनिकों की मौत हो गई और 74 घायल हो गए। यह जानकारी लेबनान की अल मयादीन टीवी चैनल ने अपने यूरोपीय सुरक्षा स्रोतों का हवाले से दी। हिजबुल्ला ने बेरूत उपनगर पर अगस्त के अंत में इजरायली वायु सेना के हमले में वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर फुआद शुक्र की हत्या के जवाब में इजरायली सेना के ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमला किया।

हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्लाह ने एक बयान में कहा कि जवाबी हमले का मुख्य निशाना तेल अवीव उपनगर में इजरायली सेना का 8200 ग्लिलोट यूनिट बेस था। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्ला हमले के बाद कहा कि इजरायली बलों ने हिजबुल्ला के ठिकानों पर एक पूर्वव्यापी हमला किया था।

इस्लामिक जिहाद के तीन वरिष्ठ आतंकवादी मारे गए: आईडीएफ

तेल अवीव (एजेंसी)। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि वेस्ट बैंक के तुल्कर्म शहर में हवाई हमले में फिलिस्तीनी कट्टरपंथी समूह इस्लामिक जिहाद के तीन वरिष्ठ आतंकवादी मारे गए। आईडीएफ ने कहा कि हमला तब किया गया जब फिलिस्तीनी कट्टरपंथी एक कार में सवार थे। इसने कहा कि मारे गए आतंकवादी गोलीबारी और विस्फोटक उपकरणों से जुड़े आतंकवादी हमलों के साथ-साथ आतंकवादियों को भेजने और इजरायली बस्तियों और सुरक्षा बलों पर हमले की तैयारी के लिए जिम्मेदार थे।

संपादकीय

धारा 498-ए परिवार को तोड़ने और ब्लैकमेल करने वाला कानून?

सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498-ए के दुरुपयोग पर गंभीर चिंता जताई है। कानून की यह धारा विवाह के बाद महिलाओं को उत्पीड़न और घरेलू हिंसा से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाई गई थी। इस कानून का महिलाओं द्वारा गलत उपयोग किया जा रहा है। विशेष रूप से तलाक, विवाह के पश्चात पति-पत्नी में विवाद, नारी स्वतंत्रता, समान अधिकार और संपत्ति के मामलों में इस कानून का उपयोग पति, ससुराल पक्ष को प्रताड़ित और ब्लैकमेल करने के लिए किया जा रहा है। धारा 498-ए का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना था। उन्हें ससुराल पक्ष के अत्याचार से बचाने के लिए यह संशोधन किया गया था। पिछले कई वर्षों में अदालतों में ऐसे हजारों मामले सामने आये हैं, जहां महिलाओं ने इस धारा का दुरुपयोग कर ससुराल पक्ष का उत्पीड़न किया है। इस कानून के तहत झूठी शिकायत करके ससुराल पक्ष को ब्लैकमेल किया जाता है। पति और उसके परिवार वालों पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें जेल भिजवाने की धमकी दी जाती है। मामला सुलझाने के लिए लाखों रुपए की वसूली ससुराल पक्ष से की जाती है। बॉम्बे हाईकोर्ट सहित आधा दर्जन हाईकोर्ट तथा देश की हजारों ट्रायल कोर्ट ने इस कानून के दुरुपयोग को लेकर समय-समय पर फैसले दिए हैं। कई मामलों में महिलाओं ने पति, उसके बुजुर्ग माता-पिता, यहां तक कि परिवार के बीमार सदस्य, जो बिस्तर से उठ नहीं सकते हैं, पति की बहन और उसके बहनोई को भी इस धारा के तहत झूठे आरोपों में फंसाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल में दिए गए आदेश में स्पष्ट किया है, कि इस कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। कोर्ट ने कहा, जब तक झूठे मामले दायर कराने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक यह समस्या बनी रहेगी, परिवार टूटते रहेंगे। अदालतों और समाज के सभी पक्षों को इस कानून का दुरुपयोग ना हो, इसके लिए संवेदनशीलता और सतर्कता रखने की आवश्यकता है। न्यायालय ने यह भी कहा, कि पति और उसके परिवार के खिलाफ झूठे आरोप लगाए जाते हैं, तो वह भी कानूनी रूप से न्यायालयीन कार्रवाई कर सकते हैं। भीड़ तंत्र के दबाव में आकर सरकार इस तरह के विशेष कानून बना देती है। जिसकी जरूरत ही नहीं होती है। भारतीय दंड संहिता में सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के चाहे वह महिला हो या पुरुष सभी को समान अधिकार भारतीय दंड संहिता में हैं। तब इस तरह के विशेष अधिकार बनाने की कोई जरूरत नहीं है। महिलाएं कमजोर वर्ग की होती हैं।

चिंतन-मनन

जहाँ शांति है वही सुख

यदि हमारे पास दुनिया का पूरा वैभव और सुख-साधन उपलब्ध है परंतु शांति नहीं है तो हम भी आम आदमी की तरह ही हैं। संसार में मनुष्यों द्वारा जितने भी कार्य अथवा उद्यम किए जा रहे हैं सबका एक ही उद्देश्य है शांति। सबसे पहले तो हमें ये जान लेना चाहिए कि शांति क्या है? शांति का केवल अर्थ यह नहीं कि केवल मुख से चुप रहें अपितु मन का चुप रहना ही सच्ची सुख-शांति का आधार है। कहते हैं कि जहाँ शांति है वहाँ सुख है। अर्थात सुख का शांति से गहरा नाता है। लड़ाई, दुख और लालच को भंग करने के लिए शांति सशक्त औजार है। कई लोग कहते हैं कि बिना इसके शांति नहीं हो सकती। इसके साथ ही भौतिक सुख-साधनों तथा अन्य संसाधनों से शांति होगी यह कहना भी गलत है। यदि इससे ही शांति हो जाती तो हम मंदिर आदि के चक्कर नहीं लगाते। धन-दौलत और संपदा से संसाधन खरीदे जा सकते हैं परंतु शांति नहीं। हम यही सोचते रह जाते हैं कि यह कर लूँगा तो शांति मिल जाएगी। आवश्यकताओं को पूरा करते-करते पूरा समय निकल जाता है और न तो शांति मिलती है और न ही खुशी। खुशहाल पारिवारिक जीवन के लिए जरूरी है कि पहले शांति रहे। जहाँ शांति है वहाँ विकास है। जहाँ विकास है वहाँ सुख है। इसलिए अमूल्य शांति के लिए सबसे पहले हमें अपने आप को देखना होगा। अपने बारे में जानना होगा। मैं कौन हूं, कहाँ से आया हूं और हमारे अंदर कौन-कौन सी शक्तियाँ हैं जो हम अपने अंदर ही प्राप्त कर सकते हैं। शांति का सागर परमात्मा है। हम आत्माएँ परमात्मा की संतान हैं। जब हमारे अंदर शांति आएगी तो हमारा विकास होगा। जब विकास होगा तो वहाँ सुख का साम्राज्य होगा। यह प्रक्रिया बिल्कुल सरल और सहज है जिसके जरिए हम यह जान और पहचान सकते हैं। वर्तमान समय अशांति और दुख के भयानक दौर से गुजर रहा है। ऐसे में जरूरत है कि हम अपने धर्म और शास्त्वत सत्य को स्वीकारते हुए शांति के सागर परमात्मा से अपने तार जोड़ें। ताकि हमारे भीतर शांति का खजाना मिले। इससे हमारे अंदर शांति तो आएगी ही साथ ही हम दूसरों को भी शांति प्रदान कर सकेंगे।

व्यंग्य

वाहरे हिन्दी दिवस

भादों के महीने में आफिस में जबरदस्ती राजभाषा मास मनवाया जाता है। 14 सितम्बर मतलब हिंदी दिवस।इस दिन किसी हिंदी विद्वान को येन - केन प्रकारेण पकड़ कर सम्मान कर देने के बॉस के निर्देश होते हैं। सो हम सलूजा के संग चल पड़े ढलान भरी सड़क पर डॉ सोमालिया को पकड़ने। डॉ सोमालिया बहुत साल पहले विश्वविद्यालय में हिंदी विभागाध्यक्ष रहे फिर रिटायर होने पर कविता - अविता जैसा कुछ करने लगे।सलूजा बोला - सही जीव है इस बार इसी को पकड़ो। सो हम लोग ढलानभरी सड़क के किनारे स्थित उनके मकान के बाहर खड़े हो गए, जैसे ही मकान के बाहर का टूटा लोहे का गेट खोला, डॉ साहब का मरियल सा कुत्ता भौंका, एक दो बार भौंक कर शान्त हो गया। हम लोगों ने आवाज लगाई... डॉ साहब..... डॉ साहब.....? डॉ सोमालिया डरे डरे सहमे से पट्टे की चड्डी पहने बाहर निकले..... हम लोगों ने कहा - डॉ साहब हम लोग फलां विभाग से आये हैं, हिन्दी दिवस पर आपका सम्मान करना है। सम्मान की बात सुनकर सोमालिया जी कुछ गदगद से जरूर हुए पीछे से उनकी पत्नी के बड़बड़ाने की आवाज सुनकर तुरंत अपने को संभालते हुए कहने लगे - अरे भाई,, सम्मान - अम्मान की क्या जरूरत है। मैं तो आप सबका सेवक हूँ,, वैसे आप लोगों की इच्छा... मेरा जैसा ÷यूज÷ करना चाहें..... वैसे जब मैं रिटायर नहीं हुआ था तो मुझे मुख्य अतिथि बनाने के लिए आपके बड़े साहबों की लाईन लगा करती थी, खैर छोड़ो उन दिनों को, पर ये अच्छी बात है कि आप लोग अभी भी हिंदी का समय समय पर ध्यान रखते हैं। वैसे आपके यहां भी हिंदी में थोड़ा बहुत काम तो तो होता होगा?

हां सर, नाम मात्र का तभी तो हम लोग राजभाषा मास मना लेते हैं। आपके यहां अधिकारीयों का हिंदी के प्रति लगाव है कि नहीं ?

हां सर,, हिन्दी दिवस के दिन ऐसा थोड़ा सा लगता तो है।

दरअसल क्या है कि हिन्दी के साथ ये दिक्कत है कि हम उसे लाना चाहते हैं पर वो आने में किन्न - मिन्न करती है। है न ऐसा ? बस सर..... यस सर... ठीक कहा वैसे आपने जीवन भर हिंदी की सेवा की है तो ये ये हिन्दी के बारे बारे में आपको ज्यादा ज्ञान होगा पर समझ में नहीं आता कि ये चाहती क्या है..... कुछ इस तरह की बातें चलतीं रहीं, फीकी - फीकी बातों के साथ फीकी - फीकी बिना दूध की चाय भी मिली,काफी रात हो चली थी हम लोग उठ कर चल चल दिए। रास्ते में डॉ सोमालिया को लेकर हम लोगों ने काफी मजाक और हंसी - ठिठोली भी की टाईम पास के लिए। दूसरे दिन हम लोग आफिस से डॉ सोमालिया के लिए स्मृति चिन्ह खरीदने के बहाने गोल हो गए, सलूजा कहने लगा, यार जितना पैसा स्वीकृति हुआ है उतने पूरे का सामान नहीं लेना, बिल पूरे पैसे का बनवा लेना बीच में अपने खर्चा - पानी के के लिए कुछ पैसा बचा लेना है, हमको सलूजा की बात माननी पड़ी न मानते तो नाटक करवा करवा देता नेता आदमी है। इस प्रकार डॉ सोमालिया के नाम से स्वीकृत हुए पैसे का कुछ हिस्सा सलूजा की जेब में चला गया हांलाकि उसने प्रामिश किया कि सम्मान समारोह के दिन की थकावट दूर करने के लिए इसी पैसे का इस्तेमाल किया जाएगा।

14 सितम्बर आया। लोगों को जोर जबरदस्ती कर अनमने मन से एक हाल में इकट्ठा किया गया। डॉ सोमालिया को लेने एक कार भेजी गई, कार के ड्रायवर ड्रायवर को समझा दिया गया कि रास्ते में डॉ सोमालिया को अपने तरह से समझा देगा कि आफिस वालों के आगे ज्यादा देर तक फालतू बातें वै न करें।थोड़ी देर बाद सोमालिया जी आए, इस बीच लोग उठ उठकर भाग रहे थे, किसी प्रकार लोगों को को थामकर रखा गया। बेचारे डॉ सोमालिया जी अकेले बैठे थे, बिग बॉस, मीडियम बॉस और अन्य बॉसों का पता नहीं था किसी प्रकार खींच तान कर सबको लाया गया। डॉ सोमालिया को एक के बाद एक माला पहनाने का जो क्रम चला तो रूकने का नाम नहीं ले रहा था, सोमालिया जी माला संस्कार से तंग आ गये इतने माले जीवन भर में कभी नहीं पहने थे। सलूजा ने अधकचरे ढंग से डॉ सोमालिया का परिचय दिया,, डायस में बैठे सभी बॉस टाइप के लोगों ने हिंदी के बारे में झूठ मूठ की बातें की। डॉ सोमालिया ने भाषा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया बोले - हिन्दी को आने में कुछ तकलीफ सी हो रही है कुछ अंग्रेज परस्त बड़े साहबों के कारण। सलूजा चौकन्ना हुआ बीच में भाषण रुकवा कर डॉ: साहब को एक तरफ ले जाकर समझाया फिर माईक में आकर सोमालिया जी ने विभाग की झूठ मूठ की तारीफ की बिग बॉस लोगों ने तालियां पीटी, कार्यक्रम समाप्त हुआ। डॉ सोमालिया को समझ में आ गया कि हिन्दी का भविष्य उज्ज्वल है। जाते-जाते उन्हें कोई छोड़ने नहीं गया, हारकर उन्होंने रिक्शा बुलाया और सवार हो गए।

जय प्रकाश पाण्डेय,
जबलपुर

व्यंग्य

भय बिन होइ न प्रीति

मेरे पास पद पैसा अधिकार रुतवा के साथ आलीशान बंगला वो भी शासकीय गाड़ी घोड़े सिपहसालार सहित फिर भी पत्नी की कोप मुद्रा से तनाव तनाव तनाव । बचपन के दोस्त मंत्री जी के तनावपूर्ण जीवन की इस समस्या का कारण मंगू ने सुनाते हुए इसके निदान का उपाय पूछा।

क्या तुम्हारे दोस्त मंत्री ने शादी के बाद पहली मुलाकात पर बिल्ली काटी थी ?बस इसी कारण खुशामद के बाद भी खुद तनाव में खीजती रहती है जिसका कोई डाक्टरी इलाज नहीं।

अब क्या करना है ?बिल्ली काटने का समय तो खो दिया, अब आखिरी इलाज है जब मुर्गा सुबह सुबह बांग दे ,उसे आवेश में पकड़ कर पत्नी के सामने ही गरदन मरोड़ कर खून पी जायं यह कह कर ऐसे

व्यंग्य
अरण्यरोदन

ही तेरी गरदन मरोड़कर खून पी जाऊंगा ।

बताए नुस्खे का एसा असर हुआ कि अब दबी बिल्ली की तरह म्याऊं म्याऊं करती घूमती है ,कहावत है भय बिन होइ न प्रीति।

यहां मरने के डर से प्रीति कहां से आ गई भाभी के व्यवहार में मंत्री जी से उपजे प्रेम का कोई चिन्ह नहीं दिखता ।दिखता है उनके व्यवहार के बदलाव से,वो उस उम्र में नहीं जो हलो डार्लिंग करें।चलो तुम्हारे ज्ञानचक्षु खोलने के और उदाहरण देता हूं।चोर को पुलिस की मार का भय अतः ईमानदारी से प्रीति करने लगता है,छात्र को मास्टर के डंडे के भय से पढ़ाई से प्रीति,प्रेमिका को प्रेमी से अलग होने के भय से उससे चिपकी रहती है, मंत्री को मंत्रालय से छुट्टी का भय अतः मुख्यमंत्री से नेह लगाए रहता है,भ्रष्टाचारी को सीबीई से भय अतः संबंधित अधिकारियों से प्रेम प्रसंग की व्यवस्था करता है,राजनेता को चुनाव हारने का भय जिससे जनता के चरणों की रज से प्रीति कर सिरोधार्य करता है।अधिकारी को कुर्सी छिनने का भय अतः शासन के गुमाइंदों को गले लगाए रहता है।पति को पत्नी के डर से न चाहते हुए भी सालों को सिर पर बैठाए रखना पड़ता है।

पत्नी के तलाक के भय से मां बाप को वृद्धाश्रम की सैर करा कर उससे प्रेम का इजहार करता है।

मंगू तेरे निकम्मेपन से बोस का भय फलस्वरुप चापलूसी कर प्रीति का इजहार करता है।

मुझे खुद अपने अस्तित्व के भय से सार्वभौमिक प्रीति प्रदर्शन के लिऐ सार्वजनिक सम्मान समारोह आयोजित करने पड़ते हैं भले ही चंदा बसूली नामक स्नेह मिलन राशि से।

इसीलिए सागर द्वारा श्रीराम सेना को लंका चढ़ाई के लिए मार्ग न देने पर राम के क्रोध से व्याकुल होकर सागर को झुकना पड़ा जिस पर तुलसी के मुखारविंदु से उच्चरित हुआ भय बिन होइ न प्रीति

बच्चूलाल परमानंद दीक्षित
ग्वालियर.

दादा का गुम हो गया उप नयन ....

जब कोई महत्वपूर्ण वास्तु गुम हो जाती है तो सबसे ज्यादा परेशान उपयोग करने वाला होता है । गुम हुई वस्तु के लिए कितना दुख , गम , रंज होगा । इसका अनुमान मौसम विभाग की तरह लगा सकते हैं । मेंने पत्नी से पूछा अरे भगवान सुबह-सुबह अपने झलक दादा की तेज आवाज क्यों आ रही है तुम जल्दी से चाय पिला दो देखता हूं दादा को क्या समस्या है ? जैसे मैं झलक दादा के घर पहुंचा तो वह परेशान हो रहे थे मैंने कहा दादा आज क्या बात है आज आपकी झलक सबसे अलग उग्र नेता की तरह आपका व्यवहार दिखाई दे रहा बताओ तो सही क्या हुआ ? मेरे मित्र च.च. (कभी-कभी आने वाला) मेरा चश्मा कहीं गुम हो गया है ? मिल नहीं रहा ? परेशान हो रहा हूं ? अखबार पढ़ना , काम करना , सोशल मीडिया पर जीवित प्रमाण पत्र भेजना है ? मेरे काम रुक जाएंगे अगर काम समय पर नहीं हो पाया तो मेरे चाहने वाले मुझे फोन लगा कर पूछेंगे कि आपकी उपस्थिति सोशल मीडिया पर क्यों नहीं हुई ? ज्यादा देर हो जाएगी तो पता नहीं मेरे बारे में क्या सोचने लगेंगे अगर ज्यादा देर हो जाएगी तो लोग श्रद्धांजलि देते हुए नजर आ जाएंगे ? हां दादा आप सही कह रहे हैं सोशल मीडिया पर पता नहीं क्या क्या चल रहा ? कौन क्या कह रहा ? कौन क्या कर रहा है ? बस चले जा रहे हैं भेड़ की तरह । गुम हुवा चश्मा जब तक नहीं मिलेगा तब तक मुझे चैन नहीं मिलेगा आप फ़िक्र मत करो चलो मेरे साथ थाने चलते हैं वहां चश्मा गुम होने की रिपोर्ट लिखवाएंगे साथ में भाभी जी को भी ले लेना दो भले तीन हो जाएंगे । चलो थाने ठीक है । चलते हैं । चश्मा गुम होने की रिपोर्ट लिखवा देंग । गरज होने पर कभी-कभी घर आने वाला (च.च.) मित्र और झलक दादा अपनी पत्नी के साथ । चश्मा गुम होने के रिपोर्ट लिखवाने थाने गया तो वहां के थानेदार ने ऐसे सवाल किए जैसे कोई नेता सदन में जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए सवाल करता है । थानेदार ने जिस लहजे में सवाल पूछना प्रारंभ किया देखिए जनाब , क्या आपके पास गुम हुए चश्मा का बिल है ? कहां से खरीदी था? कितने का खरीदा था ? दूर का था या पास का था ? देसी था या विदेशी ? कितने नंबर का था ? कांच उसमें देसी लगा है विदेशी ? उसकी फ्रेम कैसी है ? किस तरह से दिखती है ? इन सभी सवालों के चक्कर के चक्कर में फंस गया मेरे आंखों के सामने अंधेरा छा गया और गच्च खाकर गिर गया । मेरी जान हलक में आ गई मुझे ऐसा लगा कि मै कहीं खूंखार आतंकवादी या अपराधी तो नहीं हूं जो मुझसे थानेदार साहब इस तरह का सवाल और व्यवहार कर रहे है ? जबकि , पुलिस का चरित्र कैसा है ? कैसा दिखता है ? आमजन अच्छी तरह जानता है लेकिन , फिर भी मित्र के कहने पर चश्मे का गुम होने की रिपोर्ट लिखवाने के लिए थाने आना पड़ा कि , हमारे दबंग नेताजी की गाय , भैंस , बकरी , कुत्ते को ढूंढने वाली कर्तव्य निष्ठ , ईमानदार पुलिस है तो क्या वहां मेरा गुम हुआ चश्मा नहीं ढूंढ सकती है ? इस तरह से अंतर्द्वंद युद्ध करते-करते पता नहीं मैं कितनी देर तक थाने में बेहोश पड़ा रहा शुक्र है भगवान का साथ में पत्नी थी उसने मुझे बचाने के लिए तुरंत पानी की चंद बूंदे मेरे चेहरे पर डाली तो मैं होश में आ गया और पूछने लगा है मैं कहां हूं ? मैं कहां आ गया ? मेरे प्राणनाथ आप चश्मे की रिपोर्ट लिखवाने थाने आए हैं पत्नी की बात सुनकर झलक दादा ने कहा चलो भाग्यवान यह हमारे बस की बात नहीं है चलो चलते हैं । हमें थाने में किसी अपराधी की तरह देखा जा रहा है हम यहां चश्मा नहीं मिलने वाला बल्कि चश्मे का बलात्कार देख रहे है । चलो छोड़ो इन सभी को जो चश्मा गुम हो गया उसकी गुम ही रहने दो चलों मित्र किसी चश्मे वाले की दुकान से नया चश्मा खरीद लेंगे । मेरे मित्र जान है तो जहां है वर्ना सब बेजान है । अब हम किसी चश्मे की दुकान पर जाकर नया चश्मा खरीद लेंगे । हम जानते हैं थानेदार के साथ-साथ थाने की कार्रवाई किसी लक्ष्मी नारायण सेठ के इशारों पर चलती है या फिर किसी अपराधी , दमदार या फिर किसी दबंग नेता के इशारों पर चलती है । हम तों आम नागरिक हैं थाना हमारे बस में नहीं है । कभी भूलकर भी हम अपने गुम होने की चश्मे की रिपोर्ट किसी थाने में नहीं लिखेंगे।

प्रकाश हेमावत , बुध्देश्वर मंदिर की तरफ टाटा नगर रतलाम

हाथ

व्यंग्य
वक्रासन

हाथ को चुनावचिन्ह बनाया जा सकता है लेकिन पांव को नहीं. क्यों किसी राजनीतिक दल ने आज तक पांव को चुनाव चिन्ह नहीं बनाया जबकि वही मतदाता की नियति है. वही उसका भाग्य है. हाथ आखिर हाथ होते हैं .हाथ का काम पांव से नहीं लिया जा सकता.हाथ से थप्पड़ मार सकते हैं लतिया नहीं सकते.यद्यपि कुछ दिव्यांगजन ऐसे असंभव कार्य भी करके दिखा देते हैं.और हमारे साहब की तो कुछ न कहो ,कुछ भी करके बता देते हैं .जो उनके हाथ से नहीं होता ,वहां भी अपना हाथ लगा देते हैं.किन्तु ऐसे करतब हर किसी के बस की बात नहीं है. इन दिनों छोटे बड़े नेताओं का अधिकारियों पर हाथ होने का रिवाज है .इससे उन्हें कुछ भी करने की छूट होती है .इसलिए छोटे बड़े सभी कर्मचारियों के सिर पर किसी न किसी का 'हाथ होना' बहुत ज़रूरी है. जिनके ऊपर किसी का हाथ नहीं होता उन्हें निलम्बित या स्थानांतरित होने में देर नहीं लगती.घेटाले में किसी का हाथ हो या सिर पर किसी का हाथ हो या फिर हाथ में पहले का कमाया हुआ पैसा हो वहीं तक ठीक है. पैसा भी 'हाथ का मैल' है ,पता नहीं सच है या गलत ,किन्तु ऐसा कहने वाले संत महात्मा भी अपने हाथ गंदे ही रखना चाहते हैं .उनकी भा पस स 'हाथ धान' का इच्छा नहा होती .यदि इन्हें कोई पैसा दिखाकर दान की इच्छा मात्र भी ज़ाहिर कर दे तो ये 'हाथों-हाथ' लेने को उठ खड़े होते हैं . सयाने संत तो समर्थ जान पड़ने वाले आगंतुकों श्रद्धालुओं ,यजमानों के समक्ष आश्रम के कार्यों में सदैव 'हाथ तंग होने का' बहाना बनाकर अपने 'हाथ फैलाने' लगते हैं.मांगना इनका जन्मसिद्ध अधिकार है इसलिए शर्म भी अपना सिर नहीं उठाती. हाथ देखकर लोगों का भविष्य बताने वाले ध ना ढ्ढ ो , रा ज ने ता ओं , व रि ष्ठ अधिकारियों और अन्य उपयागा भक्ता का 'हाथा-हाथ' लत हैं और उन्हीं के सामर्थ्य से निर्मित आश्रम के ए.सी. कमरे उनके लिए खोल के रखते हैं ,जैसे वेश्या अपने कोठे के.इतिहास गवाह है कि संत महात्माओं पर सत्ताधीशों का 'हाथ बना रहा है .जब भी सत्ता परिवर्तन की भूमिका बनती है ये अपने संरक्षकों का कर्ज चुकाने के लिए 'हाथ पर हाथ धरे' बैठे रहते हैं . प्रतिकूल सत्ता के परिवर्तन की आहट मात्र से इनके 'हाथ पांव फूलने' लगते हैं. क म जो र दिल वाले धर्मश्रेष्ठों के 'हाथ पांव ठंडे' हो जाते हैं .समय चक्र के वेग में जब इनके आश्रम में लगे झंडे झंडे उखड़ने लगते हैं. तब यह भी 'हाथ मलते' दिखाई देते हैं. सामान्य बुद्धि के व्यक्तियों और इसी श्रेणी के लालची पूंजीपतियों ,तुच्छ राजनीतिज्ञों को लगता है कि स्वामी जी जहां हाथ लगा देंगे वहां उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी .लेकिन यह संत उसमें भी 'हाथ मार' देते हैं या उनके परिजन और उनकी संपत्ति को अपने 'हाथ में कर' लेते हैं .यह केवल सुख के साथी होते हैं .किसी के दुख में हाथ नहीं बंटाते .दुख के समय किसी के हाथ नहीं आते.इसलिए इनमें से कुछ के हाथ कारागार के सीखचों पर लगे दिखाई देते हैं.क्योंकि क़ानून के हाथ लम्बे होते हैं ऐसा कभी कभी न्यायालयों की सक्रियता सिद्ध कर देती है.

डॉ.महेन्द्र अग्रवाल
नई ग़ज़ल
सदर बाजार शिवपुरी म.प्र.
473551

कहानी

स्टोरी अलग हटकर

पंडाल में भगवान की मूर्ति के सामने उमड़ रही भीड़ में संजीव अपने चैनल के लिए ऐसी स्टोरी तलाश रहा था जो अलग हटकर हो। हजारों श्रद्धालुओं में उसे कुछ लोग मिल ही गए। पहला भक्त बोल नहीं सकता था। उसने पूछा- 'आप देवता तक अपनी बात कैसे पहुँचाते हैं?' मूक व्यक्ति ने इशारों में कुछ कहा जिसे उसके साथी ने समझाया- 'ईश्वर को सब पता होता है।'

दूसरी भक्त महिला देख नहीं सकती थीं। संजीव को थोड़ा आश्चर्य हुआ कि दृष्टिहीन उस आयोजन में क्या कर रही हैं? नेत्रहीन ने विनम्रतापूर्वक उत्तर दिया- 'मैं भगवान की स्तुति तो सुन सकती हूँ न! इसलिए प्रार्थना में किए गए स्वरूप का वर्णन सुनकर ईश्वर की अलौकिक सुंदरता और उनके दयालु स्वभाव की कल्पना कर लेती हूँ।'

तीसरे सज्जन सुन नहीं सकते थे। उन्होंने संजीव की जिज्ञासा को यह कहते हुए शांत किया कि भगवान के दर्शन से मिलने वाली तृप्ति उनके न सुन पानेवाली कमी को खटकने नहीं देती।

चौथे व्यक्ति के पैर नहीं थे। वे बोले- 'भले ही यहाँ तक पहुँचने के लिए मेरे पास पाँव नहीं हैं, लेकिन देवता की दी हुई हिम्मत तो है। यही लगन मेरी जीवनीशक्ति है।'

एक और देवी जी के हाथ नहीं थे। वे अपनी भावनाएँ व्यक्त करने लगीं- 'मुझे इस बात का बहुत अफसोस होता है कि मैं देवा के सामने हाथ नहीं जोड़ पाती, अपने लिए हाथ फैलाकर कुछ माँग नहीं पाती, परंतु अपनी इस कमी को सिर को झुकाकर पूरा कर लेती हूँ।'

तभी एक फटेहाल मरियल सा व्यक्ति वहाँ आ गया। संजीव को लगा कि शायद कैमरे ने उसके मन में उत्सुकता जगा दी थी। गरीब बड़ी आशाभरी याचक नजरों से संजीव को ताकने लगा। संजीव ने दयाभाव से पूछा- 'तुम भगवान से क्या मांगने आए हो? धन?'

'मैं भूखा हूँ।' निर्धन गिड़गिड़ाया- 'कई दिन से खाना नहीं मिला है।' 'यहाँ देवता के पंडाल में क्या कर रहे हो?' संजीव ने अपना सवाल दोहराया।

'भगवान के प्रसाद में कुछ खाने को मिल जाएगा, यही सोचकर यहाँ आया हूँ।' गरीब के स्वर में कातरता साफ झलक रही थी।

'लगता है तुम बेकारी से जूझ रहे हो।' संजीव कुछ सोचने लगा।

'जी हाँ!' निर्धन की आँखें भर आईं- 'मुझे कोई काम नहीं दे रहा।'

'आओ मेरे साथ।' संजीव ने अपना काम छोड़ा, गरीब का हाथ पकड़ा और पंडाल में भोजन-प्रसाद का इंतजाम देख रहे अपने परिचित कार्यकर्ता विवेक के पास पहुँच गया। 'तुम्हारे पास एक और सहायक रखने की गुंजाइश तो होगी', संजीव ने विवेक से आग्रहपूर्वक कहा- 'तो इस व्यक्ति को अभी से काम पर रख लो और एडवांस के रूप में तत्काल इनको पेट भर भोजन कराओ।' विवेक ने संजीव के साथ बातचीत की, कुछ देर सोचा फिर हाँ में सिर हिलाया और गरीब से बोला- 'पंडाल की अवधि पूरी होने के बाद भी हमसे काम पाने के लिए तुम्हें अपनी उपयोगिता साबित करना होगी। समझ गए न?'

सहमति में सिर हिलाते फटेहाल शख्स के चेहरे पर उभर आई कृतज्ञता, चमक और आत्मविश्वास की झलक देखकर संजीव सोचने लगा कि यह उसके प्रयास का परिणाम है या ईश्वर की कृपा का या दोनों का?

-रमेश रंजन त्रिपाठी

एक पहल राष्ट्र के नाम का प्रथम निमंत्रण खजराना श्री गणेश के चरणों में

इन्दौर । अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रमंच द्वारा अग्रसेन जंयती के उपलक्ष्य में 5148 वां अग्रसेन जयंती महोत्सव आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम ''एक पहल राष्ट्र के नाम' के तहत होने वाले आयोजन का प्रथम निमंत्रण खजराना श्री गणेश के श्री चरणों में। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रियल जीतू गोयल, राजेश कुंजीलाल जी गोयल, संस्था सदस्य संदीप रितु गोयल, मोनिका अग्रवाल, डॉ. रितेष पूजा अग्रवाल, शिवनारायण अग्रवाल, विनोद बंसल, मोना बंसल, निर्मल गोयल, वर्षा अभिषेक गोयल सहित बड़ी संख्या में संस्था सदस्य एवं समाजजन उपस्थित रहे।

श्री अशोक टेमले दृष्टि सम्मान से सम्मानित

इंदौर। राष्टीय दृष्टिविहीनता निवारण समिति मध्य प्रदेश के स्टेट कॉन्फ्रेंस भोपाल में राष्टीय सहकारी संघ नई दिल्ली के निदेशक श्री अरुण तोमर के मुख्य अतिथि में, संस्था के अध्यक्ष पूर्व संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं इंदौर डॉ शरद पंडित की अध्यक्षता में एवं नेत्र विभाग मेडिकल कॉलेज ग्वालियर के पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ यूं एस तिवारी के विशेष साहित्य में संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि श्री अरुण तोमर ने अपने संबोधन में कहा की नेत्र चिकित्सा एवं नेत्र सुरक्षा का कार्य कर पीड़ित मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर राष्टीय नेत्र सुरक्षा संस्था इंदौर के सचिव , श्री अशोक टेमले को उनके द्वारा नेत्र सुरक्षा एवं नेत्रदान अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए दृष्टि सम्मान से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉक्टर यूं एस तिवारी ने ग्लाकोमा, डॉ अदिति दुबे ने इंटरमीडिएट यूवेटिस, डॉ ए के त्रिवेदी ने कांसेप्ट ऑफ़ कम्युनिटी आप्थेलमोलॉजी एवं डॉ आभा शुक्ला ने ड्राय आई विषय पर व्याख्यान दिया। प्रारंभ में सचिव श्री अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने संस्था के गतिविधियों की जानकारी दी, सुश्री शिवानी सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया अंत में श्री नागेश व्यास में आभार व्यक्त किया।

सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रेममसंद का निधन

इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में समर्पित रूप से अपनी सेवाएं देने वाले सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ ब्रह्माकुमार डॉक्टर प्रेम मसंद का आज प्रातः माउंट आबू में हृदयघात से निधन हो गया। उक्त जानकारी देते हुए इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने बताया कि डॉक्टर प्रेम मसंद 1979 में एम.जी.एम मेडिकल कॉलेज से एम.डी. करने के दौरान ब्रह्माकुमारी संस्थान के संपर्क में आए, तत्पश्चात यू .एस.ए में रेडिएशन ऑकोलॉजिस्ट के रूप में काम किया। आपने भारत लौटने के बाद कुछ समय दिल्ली में काम किया तथा 1994 में ब्रह्माकुमारी संस्थान में समर्पित होकर तन और मन के डबल डॉक्टर बनकर अपनी सेवाएं देते रहे। आप 30 वर्षों तक माउंट आबू स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल एवं आबू रोड स्थित ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सा अधीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे।आप एक मोटिवेशनल स्पीकर भी थे। इंदौर जोन ब्रह्माकुमारीज परिवार आपको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

मक्का-मदीना में उमराह के सफर के लिए काफिला हुआ रवाना

इंदौर। पवित्र शहर मक्का-मदीना में उमराह के सफर के लिए इंदौर से काफिला रवाना हुआ। कोहिनूर कॉलोनी में उमराह जायरीनों का ज़ोरदार इस्तक़बाल हाजी हनीफ पठान द्वारा किया गया। मेहमाने खुसूसी समाजसेवी हनीफ पटेल गोल्ड और ताहिर कमाल सिद्दीकी ने शिरकत की। उमराह ज़ायरीन हाजी इस्माईल पठान (नाना) और नदीम पठान का इस्तक़बाल साफा बांधकर हारफूलों के साथ किया। इस मौके पर नायता मूंडला के हाजी असगर, रमीज़ खान, शाजापुर से हाजी अब्दुल रशीद एडवोकेट, हाजी निजाम पटेल, करामत पठान, ज़ुबैर पठान, , नौशाद भाई सनवदिया, सरपंच जलील साहब, सईद पठान आदि ने उमराह जायरीनों का स्वागत किया। उमराह ज़ायरीन हाजी इस्माईल पठान (नाना) और नदीम पठान ने कहा वे मक्का-मदीना पहुंचकर देश की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

जम्बुर्डी हप्सी में तेजा दशमी के पर हजारों भक्तों ने निशान चढ़ाए

इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना। तेजा दशमी के अवसर पर समीपस्थ ग्राम जम्बुर्डी हप्सी में बस स्टेण्ड चौराहे पर स्थित तेजाजी महाराज के प्राचीन मंदिर में भगवान तेजाजी महाराज के मंदिर को सुंदर रूप से सजाया गया और आरती की गई । इस अवसर पर गांव के ओर आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों भक्तो ने तेजाजी महाराज के दर्शन किए और अपनी मन्नतो को लेकर निशान चढ़ाए ।इस अवसर पर गांव में मेला भी लगा जिसमे बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने खरीद दारी की ओर खाने पीने के दुकानों पर भी समान खरीदा ।उल्लेखनीय हैं कि इस तेजाजी महाराज के मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त गण आते है और अपनी मन्नतो को पूरा करने के लिए निशान चढ़ाते है।

दुकान मंगलम स्टील पर छापामार कार्रवाई, अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करते पाये जाने पर प्रकरण दर्ज

इंदौर। इंदौर जिले में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन और अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल के मार्गदर्शन में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। खाद्य विभाग के जांच दल द्वारा आज मूसाखेड़ी मेन रोड़ स्थित बर्तन दुकान मंगलम स्टील पर छापामार कार्रवाई की गई।

मौके पर घरेलू उपयोगी गैस सिलिंडर से छोटे 3 किग्रा क्षमता के गैस सिलिंडर में रिफिलिंग की जा रही थी। आरोपी मनीष जोशी से 14.2 किलोग्राम क्षमता के 6 घरेलू गैस सिलिंडर जब्त किए गए। मनीष जोशी के द्वारा घरेलू गैस सिलिंडर से छोटे गैस सिलिंडर में रिफिलिंग का कार्य करते हुए मौके पर पाए जाने, रिहायसी इलाके में रिफिलिंग जैसा खतरनाक कार्य किए जाने से इनके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3, 4 अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया।

रिहायशी इलाके में गैस सिलेंडर भंडारण, अवैध रिफिलिंग इत्यादि विस्फोटक दृष्टि से खतरनाक हो सकता है।

आमजन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य विभाग द्वारा आमजन से यह अपील की गई है कि किसी भी रिहायसी इलाके में, कॉलोनी, गली-मोहल्ले में कहीं पर भी गैस सिलेंडर का अवैध भंडारण, कारोबार, वाहनों आदि में गैस रिफिलिंग का कार्य किसी के द्वारा किया जाता है तो विभाग के मोबाइल नंबर 9009512393, 9752305142 पर फोन या व्हाट्सएप पर शिकायत या सूचना देवें। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

कारोबारी ने सीए को बनाया बंधक

पुलिस ने छुड़ाया लेकिन सीए को ही थाने में बैठा लिया

इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना। कन्फेक्शनरी व्यापारी संजय जैसवानी ने अपने सलाहकार सीए एवं उसके साथी को गबन का आरोप लगाकर अपने निवास 279 बसंत विहार इंदौर पर 2 दिन तक बंधक बनाकर मारपीट करीद्य सीए के परिजन द्वारा जब इस सम्बन्ध मे विजय नगर थाने में शिकायत करी इस पर पुलिस सीए को जैसवानी के निवास से छुडाकर तो ले आई लेकिन जैसवानी को गिरफ्तार करने के बजाय पीड़ित सीए एवं उसके साथी को ही रात भर थाने में बैठाकर रखा । सीए निशीथ नाहर कन्फेक्शनरी इंडस्ट्री केमको इंडस्ट्रीज के लिए सलाहकार के रुप में काम करता हैद्य केमको के मालिक संजय जैसवानी ने गबन का आरोप लगाकर सीए निशीथ को अपने घर पर 2 दिन बंधक बनाया, कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराये ; बुरी तरह प्रताड़ित किया, मोबाइल छीन कर बंद कर दिया एवं भूखा प्यासा रखाद्य साथी रोहित नागवंशी निशीथ से मिलने गया तो संजय ने रोहित को भी बंधक बना लिया एवं प्रताड़ित किया। पता लगने पर सीए एवं टीपीए एसोसिशन के पदाधिकारी सैकड़ों सदस्यों के साथ थाने पर पहुंचे एवं थाने का घेराव कर पुलिस को ज्ञापन दियाद्य एसोसिएशन की ओर से पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता, डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा को भी ज्ञापन दियाद्य इस अवसर पर टीपीए के मानद सचिव सीए (डॉ) अभय शर्मा, इंदौर सीए शाखा के अध्यक्ष सीए अतिशय खसगीवाला, रीजनल कॉंसिल मेंबर सीए कीर्ति जोशी, सीए एसएन गोयल , सीए शैलेंद्र सोलंकी जी, सीए आनंद जैन, सीए मौसम राठी, सीए अतिशय जैन, सीए रजत धानुका, सीए स्वर्णिम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

तेजा दशमी पर पावभाजी प्रसादी का वितरण

देपालपुर। नगर के इंदौर नाके स्थित महाराणा प्रताप प्रतिमा के सामने वीर तेजाजी पावभाजी, चाइनीज, डोसा एवं फास्ट फुड सेंटर के संचालक रामेश्वर जाट और धनराज जाट ने तेजा दशमी के उपलक्ष्य में पावभाजी की प्रसादी का वितरण किया। इस अवसर पर सैंकड़ों लोगों ने प्रसादी का लाभ उठाया और आयोजन की सराहना की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना था। रामेश्वर जाट ने बताया कि तेजा दशमी के पावन अवसर पर इस प्रकार के आयोजन से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और लोगों के बीच आपसी सहयोग और सद्भावना बढ़ती है। धनराज जाट ने भी इस अवसर पर कहा कि वे हर साल इस प्रकार के आयोजन करते हैं ताकि समाज के सभी वर्गों को एक साथ लाया जा सके और सभी को प्रसादी का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि इस बार प्रसादी में विशेष रूप से पावभाजी का वितरण किया गया, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया।

जो अपने विघ्न बता नहीं सकते उनकी बनी विघ्न हरता साधना शर्मा विघ्नहर्ता 2024

इंदौर। गणेश के दिन चल रहे है जगह जगह पंडाल आरती का गान हो रहा है।कृष्णा गुरुजी गणेश आरती को मानव सेवा से जोड़ने में लगे हे एवम छुपे हुए लोग जो मानव सेवा जीव सेवा प्रकृति सेवा में लगे है उनके घर जा कर उनके कार्य की सराहना कर समाज की तरफ से विघ्नहर्ता 2024 का अवार्ड दे रहे है।

सेवा सभी अपने अपने स्तर से कर रहे है पर साधना शर्मा एक कर्मचारी हे पर उसके सच्चे दोस्त स्ट्रीट डॉग है जो उसके ऑफिस आने की आहट से गेट पर खड़े हो जाते हे।मेरे अनुभव में मूक पशु जो कुछ कह नहीं सकता उसकी आखों की भाषा पड़ना साधना शर्मा जानती हे।वह यह कार्य वर्षो से कर रही है।शाम को खाना देने सुनसान जगह तक चली जाती है।हम मना करते थे।पर सेवा का जुनून हो और हर मूक पशु में अपनत्व दिखता हो तो भय कहा।साधना शर्मा को उनके कार्यालय में जा कर जो भारतीय जीवन बीमा निगम एमजी रोड पर कार्यरत हे।विघ्नहर्ता अवार्ड ऑफिस में दिया सभी कर्मचारी अधिकारी के सामने कुछ संदेश समाज को देने के लिए जब कहा गया तो मासूम आंखों से कहा अगर आप मदद नहीं कर सकते तो उनको परेशान पत्थर बेफिजूल मत मारो सुन कर यह वाक्य मेरे मन में उनके प्रति श्रद्धा और बड़ गई।

तिरंगे दुपट्टे से स्वागत कर विघ्न हरता 2024 का अवार्ड दिया

कृष्णा गुरुजी सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अनिल कुमार भारती मंडलोई पिंकू यादव मीता चंद्रा साथ थी।

बुजुर्गों के पारिवारिक विवादों को सुलझा रही पुलिस पंचायत

इंदौर(मनीष शर्मा)। बुजुर्गों की समस्याओं के समाधान के लिए इंदौर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत का संचालन किया जा रहा है। जिसमे पुलिस उपायुक्त जगदीश डावर के दिशा निर्देशन में वरिष्ठजनों से प्राप्त होने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए प्रत्येक बुधवार को काउंसलिंग कर, बुजुर्गों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस पंचायत में आए दिन पारिवारिक विवादों के प्रकरण प्राप्त हो रहे है, जिनमें ज्यादातर मामलों में सीनियर सिटीजन और नई पीढ़ी के बीच में बनने वाली विचारों की खाई ने परिवारों को अशांत कर दिया है। इस प्रकार पुलिस पंचायत एक पारिवारिक समस्या का निदान केंद्र भी बन गया है। पीढ़ीयों के बीच की इस खाई को पाटने का काम पंचायत द्वारा बखुबी किया जा रहा है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 11 सितम्बर को वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में, सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत के काउंसलर सदस्यों डॉक्टर आर.डी. यादव, पुरुषोत्तम यादव, रमेश शर्मा, बी.डी. कुशगोतिया, सन्नी मोदी, संजय शर्मा की टीम के पास कुछ ऐसे ही प्रकरण आए, जिसमे टीम ने कॉउंसलिंग कर समाधान निकालने का प्रयास किया गया।

बुधवार को प्राप्त प्रकरणों में थाना तुकोगंज के अंतर्गत रहने वाले निवासी 68 वर्षीय वृद्ध पति पत्नी के द्वारा शिकायत की गई कि, पैतृक संपत्ति का उपयोग करते हुए बहू बेटे बिजली का बिल भी नहीं भरते हैं, वह भी हमें भरना होता है और कई परेशानियां बताई। जिस पर टीम ने काउंसलिंग के पश्चात, में बहू के द्वारा उपस्थित होकर पति की ओर से आश्वासन दिया गया,कि परिस्थितियां काफी खराब है, तीन-तीन बच्चे हैं बिल नहीं भरा जा रहा है ,यह बात सही है, किंतु आगामी एक दो माह में धीरे-धीरे थोड़े-थोड़े पैसे करके भुगतान कर दिया जाएगा, सास ससुर को भी परिस्थितियों से अवगत कराया और बहू के द्वारा दिए गए आश्वासन पर वृद्ध दंपति ने संतुष्टि जाहिर की।

वही एक अन्य प्रकरण में लसूडिया थाना क्षेत्र में रहने वाली 68 वर्षीय विधवा वृद्धा के द्वारा उसके बेटे और बहू जो कि दोनों नौकरी करते हैं ,बेटा केंद्रीय शासन की सेवा में है और बहू अच्छे बैंक में सेवारत है, दोनों के द्वारा मानसिक दबाव दिया जा रहा है कि उनकी प्रॉपर्टी उनके नाम कर दी जाए, और प्रताड़ित करते हैं। शिकायत के आधार पर बेटे को बुलाया गया, काउंसलिंग के दौरान उसके द्वारा बताया गया कि चुंकि माताजी वृद्ध हैं,और मानसिक रूप से शायद उन्होंने ऐसा ज्यादा कुछ सोच लिया है, कि हमें प्रॉपर्टी चाहिए उन्हें ऐसा शक हो गया है, जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है और हमारे द्वारा व्यस्तता के कारण उन्हें समय नहीं दिया जा रहा है, हम उन्हें समय भी देंगे और उन्हें पूरी तरह से विश्वास में लेकर बताएंगे कि हम ,उनकी प्रॉपर्टी हड़पना नहीं चाहते हैं, अगली बैठक में माता जी को मनाकर साथ में लायेंगे।

कामरेड सीताराम येचुरी के निधन पर शोक

इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना। पार्टी कार्यालय इंदौर पर झंडा झुकाया गया। सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा 16 सितंबर को शाम 5:00 बजे होगी। इंदौर. भारत की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड सीताराम येचुरी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए पार्टी कार्यालय इंदौर पर झंडा झुकाया गया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के शहर सचिव का सीएल सरावत ने बताया कि कॉ सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु दिनांक 16 सितंबर 2024 को शाम 5-00 बजे अभिनव कला समाज सभागृह गांधी हाल प्रांगण इंदौर पर सर्व दलीय ट्रेड यूनियन सामाजिक संगठनों ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है। प्रेषित का अरुण चौहान राज्य समिति सदस्य मार्क्सवादि कम्युनिस्ट पार्टी ।

सफाई कर्मचारियों 15 सूत्रीय मांगो के निराकरण के संबंध में हुई चर्चा

रतलाम। नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति की 15 सुत्रीय मांगो के निराकरण के संबंध में निगम आयुक्त हिमांषु भट्ट ने निगम अधिकारी के साथ यूनियन के पदाधिकारियों से चर्चा की। नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति की 15 सुत्रीय मांगो के संबंध में चर्चा करते हुए नगर निगम के विनियमित कर्मचारियों को नियमानुसार रिक्त पदों पर स्थाई किये जाने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का ईपीएफ खाता खुलवाने, गैंग, मैजिक हैलपर, हाथ ठेला सफाई संरक्षक, आउटसोर्स व नाला गैंग कर्मचारियों की सूची संघर्ष समिति को उपलब्ध कराये जाने पर चर्चा की गई। इसके अलावा रतलाम नगर के विस्तार के दृश्टिगत दैनिक वेतन पर सफाई संरक्षकों रखे जाने तथा 30 दिवस की स्वीकृति वाले सफाई संरक्षकों को को 89 दिवस की स्वीकृति दिये जाने साथ ही सफाई संरक्षकों के आवास हेतु आवासीय कॉलोनी निर्माण के संबंध में चर्चा की गई। आयोजित बैठक में सफाई संरक्षकों को प्रतिवर्श यूनिफार्म दिये जाने तथा स्थाई सफाई संरक्षक जो कि षिक्षित है उन्हे पदोन्नति प्रदान करने तथा सफाई संरक्षकों की समस्याओं के निदान हेतु प्रतिमाह बैठक आयोजित किये जाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त करूणेष डण्डोतिया, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, लेखा अधिकारी विजय बालोद्रा, संघर्ष समिति सदस्य रामलाल कल्याणे, संजय पेमाल, विजय खरे पटेल, कमल शिंदे, अमर चौहान, यशवंत फतरोड अनु चनाल, शिवजी कल्याणे, राकेश खाड़ेगीर, रवि चनाल, देवा खरे, रवि मकवाना, संजय लावरे, बृजमोहन खरे, चंदन तंवर नरेंद्र खरे आदि उपस्थित थे।

निगम अध्यक्ष और पार्षदगणों ने की श्री गणेश की महाआरती

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी, पैलेस रोड़ स्थित पैलेस रोड़ स्थित कार्यालय में 10 दिवसीय गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शुक्रवार को नगर निगम पार्षदगणों ने अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा के साथ श्री गणेश की महाआरती की। आरती पश्चात् प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान पार्षद हितेश कामरेड, परमानंद योगी, सपना त्रिपाठी, पप्पू पुरोहित, योगेश पापटवाल, रणजीत टांक, धर्मेन्द्र रांका,अनिता कटारा, आयुषी सांकला, शबाना खान, धीरज कुंवर, मनीषा चौहान, गौरव त्रिपाठी, विजय सिंह चौहान, किशोर सिंह, शेरू पठान, हार्दिक मेहता एवं जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

संभव महिला मंडल द्वारा तपस्वियों का किया बहुमान

रतलाम। शुक्रवार को हाथी वाला दिगंबर जैन मंदिर में संभव महिला मंडल द्वारा तपस्वियों का बहुमान अध्यक्ष आयूशी पानोला, कोषाध्यक्ष आयुषी दोषी एवं मंडल की सभी पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा में सभी तपस्वियों का श्रीफल और माला पहनाकर समाज के सभी गणमान्य सदस्यों के समक्ष स्वागत किया गया। सभी महिलाओं और महिला मंडल की सदस्यो ने बहुमान कर संगीतमय माहोल बना दिया।जिसने सभी समाज जन का मन मोह लिया। चांदमल नरेंद्र कुमार गांधी और पदम कुमार महावीर गांधी के परिवार द्वारा महिला मंडल का आभार के रूप में स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम की सूचना नवकार सेवा सस्थान की मीडिया प्रभारी और संभव महिला मंडल की वरिष्ठ महिला श्रीमती सरोज चत्तर द्वारा दी गई।

आईटीआई बाजना में 30 सितंबर प्रवेश प्राप्त करें

रतलाम। शासकीय आईटीआई बाजना में सत्र 2024 पहले आओ पहले पाओ'' प्रवेश हेतु 30 सितंबर तक डीएसडी पोर्टल www.dsd.mp.gov.in पर नवीन पंजीयन एवं च्वाइस फिलिंग प्रारंभ हो गए है। कार्यालय में समय पर उपस्थित होकर कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (एक वर्षीय) (स्ष्ठ्ढ्ढ्ढ) के 34, फिटर (दो वर्षीय) (स्ष्ठ्ढ्ढ्ढ) व्यवसाय के 13 एवं स्विंग टेक्नोलॉजी (स्ष्ठ्ढ्ढ्ढ) व्यवसाय के 16 रिक्त सीटों पर आवेदक 30 सितंबर तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं च्वाईस फिलिंग कर उसी दिन आईटीआई कॉलेज बाजना में आकर प्रवेश प्राप्त कर सकते है। है। यह समस्त पाठ्यक्रम रोजगार/स्वरोजगार उन्मुखी है। प्रवेश के लिए चयनित होने पर प्रतिवर्ष 6090 रूपए प्रशिक्षण शुल्क देय होगा जो छात्रवृत्ति के साथ नियमानुसार भुगतान होती है। इच्छुक अधिक जानकारी के लिए नजदीकी शासकीय औ.प्रशि.संस्था या शासकीय औ.प्रशि.संस्था बाजना (8827687146, 7869095215, 7987138789, 8435695051) से संपर्क कर सकते है।

मोटरसाइकिल की डिक्की से रुपए निकालने वाला चोर पुलिस की गिरफ्त में

2 लाख से अधिक रुपए निकाले थे मोटरसाइकिल की डिक्की से

रतलाम।

करीब ढाई लाख के जेवर बेचकर कुछ रुपए बैंक में जमा कर दिए। शेष रुपए मोटरसाइकिल की डिक्की में रखे और दुकान पर आ गया।

जब डिक्की खोली तो वह नहीं मिले। तत्काल पुलिस को रिपोर्ट की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 48 घंटे की भीतर आरोपी को गिरफ्तार के लिया। उसके कब्जे से नगद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है।

औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नाल नवेली, थाना कालूखेड़ा निवासी शंकर लाल पिता बगदीराम पाटीदार ने पाटीदार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई की 11 सितंबर को वह जेवर बेचकर 240000 रुपए लेकर बैंक गया था जहां पर 4400 बैंक में जमा करवा दिए शेष 236000 मोटरसाइकिल की डिक्की में रखकर निकला।

शंकरलाल ने बताया कि अपने रिश्तेदार मुकेश पाटीदार की दुकान अरनिया मंडी पर करीबन 03.30 बजे मिलने चला गया था। जो मैने अपनी मोटरसाईकिल को दुकान के सामने खड़ी की थी। फिर कुछ देर बात मोटर सायकल डिक्की खोली तो डिक्की में मेरे रुपयो की थैली नहीं दिखी। आस पास तलाश किया। नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी और बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी मोटर सायकल की डिक्की में

थैली में रखे 2,36,000 रुपए चुराकर ले गया। थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा पर अपराध क्रमांक 545/11 सितंबर 24 धारा 303(2) बी.एन.एस. का पंजिबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

चोरी गये रुपए की तलाश में घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज, संदिग्ध से पूछताछ एवं परिस्थितिजनक साक्ष्य के आधार पर की। 48 घन्टे के भीतर संदिग्ध व्यक्ति सुनील पिता जीवन चंन्द्रवंशी जाति बागरी उम्र 23 साल निवासी ग्राम बेगमपुरा को गिरफ्तार किया गया।

खेजड़े के झाड़ से मिली रुपए की थैली

पूछताछ में जो जगह बताई गई। पुलिस मौके पर पहुंची, जहां खेत पर खेजड़े के झाड़ पर रुपए की थैली बंधी हुई थी, वहीं पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी मिली। पुलिस ने दोनों को जब्त किया है। थैली में 220000 रुपए मिले।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

आरोपी को गिरफ्तार करने में औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी निरीक्षक मुनेन्द्र गौतम, उप निरीक्षक भगवानसिंह राठौर, प्रधान आरक्षक विष्णु चन्द्रावत, आरक्षक रविन्द्रसिंह, राठौड़, रवि पाटीदार, योगेश राठौर, दीपराजसिंह, मनीष पाटीदार, की सराहनीय भूमिका रही।

आईटीआई रतलाम में प्रवेश प्रारंभ

रतलाम। शासकीय आईटीआई रतलाम में सत्र 2024-25 हेतु कारपेंटर, सिलाई तकनीकी तथा वेल्डर (डीएसटी)व्यवसाय में प्रवेश प्रारंभ हो गए है, इन तीनों में से कारपेंटर व सिलाई तकनीकी में प्रवेश हेतु योग्यता 8वीं पास है तथा वेल्डर (डीएसटी) हेतु योग्यता 10वी पास है। तीनों कोर्स में प्रवेश लेने के लिए उम्र का कोई बंधन नही है, महिला या पुरूष दोनो में से कोई भी प्रवेश ले सकता है। कोर्स एक वर्ष का है, एक वर्ष उपरांत परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद नेशनल लेवल का प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाएगा, जो पूरे भारत में मान्य है। प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। प्रवेश लेने के लिए 222.स्न्नश्च्स्न.ष्टश्च.द्ग१.द्बठ्ठ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है तथा उपरोक्त दोनो व्यवसाय में किसी एक में च्वाईस फीलिंग कर उसका प्रिंटआउट लेकर आईटीआई रतलाम में सभी संबंधित मूल दस्तावेज तथा दो सेट छायाप्रति लेकर प्रवेश ले सकते है। प्रवेश के समय लगभग 6200 रूपए फीस अनिवार्य है, यदि अनुसूचित जाति व जनजाति तथा ओबीसी आवेदक प्रवेश लेते है तथ वे 10 वी पास है तो उन्हे नियमानुसार छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है।

उपरोक्त आईटीआई व्यवसाय से उत्तीर्ण करने के बाद आवेदक चाहे तो स्वयं का व्यवसाय घर पर रहकर ही कर सकता है या उन्हे जॉब करने हो तो समय समय पर आईटीआई परिसर में ही आयोजित होने वाले विभिन्न रोजगार मेलों के माध्यम से नौकरी के अवसर भी प्रदान किए जाते है। अधिक जानकारी के लिए मो. नं. 8435836320 तथा 8878181349 पर संपर्क कर सकते है।

भगवान श्री गणपति जी महाराज की आरती कर, अतिथियों का स्वागत एवं प्रसादी दुध कस्टड वितरण की गई

रतलाम। श्री नित्य चिंताहरण गणपति जी मंदिर पैलेस रोड रतलाम पर रात्रि 08 बजे आरती प्रारंभ की गई, मंदिर समिति के आग्रह पर आज आरती में प्रजापति ब्रह्मा कुमारी से बीके बहन सीता दीदी, बहन आरती दीदी, समाजसेवी बाबुलाल मूणत, पारस व्होरा, दिनेश राठौर, प्रितेश नादिया, मनीष चोपड़ा, गोपाल काकानी, राजु भाई पोरवाल, रजक समाज अध्यक्ष छोटेलाल मेहता, अशोक अग्रवाल, विरेन्द्र वाघेला, अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत ट्रस्ट अध्यक्ष जनक नागल, कार्याध्यक्ष सचिन सिंह देवड़ा, रत्ना पाल, रुपेन्द्र सिंह पंवार भगवान भाई, अमित देवड़ा, भुवनेश सिंह राठौर, अशोक मेहता, मुकेश व्यास, दिपक शर्मा, जय बैरागी, मनिष सोलंकी, अंकुर देवड़ा , द्वारा, किया गया। प्रसादी कस्टर्ड मिल्क अशोक अग्रवाल एवं सुनील मुंझाल परिवार द्वारा की गई। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष जनक नागल, कार्याध्यक्ष सचिन सिंह देवड़ा, पंडित अमित रावल, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सारिका व्यास दवे, नवयुवक मंडल अध्यक्ष अमित देवड़ा, भुवनेश सिंह राठौर, अशोक मेहता, मुकेश व्यास, श्रीमती रत्ना पाल, देवेन्द्र राठोर, मुकेश त्रिवेदी, शुभ दशोत्तर , रमेश ठाकुर, हेमंत ठाकुर, श्रेयांश मोदी, जय बैरागी , सर्वेश व्यास, अंकुर देवड़ा, यश तिवारी , शुभम ठाकुर, ऋषभ जैन, ऋषभ शर्मा, श्रेयांस मोदी, गौरव परमार, आयुष गौराना, पंकज नैनानी, जितेन्द्र मेहता, मनिष सोलंकी, महेश सोलंकी, हितेश नागल, निखिल शर्मा, दक्षराज चुंडावत, गगन शर्मा, ऋषि सोलंकी, आदि द्वारा समस्त धर्म प्रेमी जनता से आग्रह है कि दस दिवसीय गणेश उत्सव में रात्रि 08 बजे श्री चिंताहरण गणपति जी मंदिर पेलेस रोड पर आरती एवं प्रसादी के समय पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छता ही सेवा है अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक

रतलाम। स्वच्छता ही सेवा है अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम पर, स्वच्छ भारत दिवस समारोह के साथ मनाया जाएगा है। कलेक्टर राजेश बाथम ने अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्र हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रृंगार श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी बनाया है। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों को भी दायित्व सौपे हैं। शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट तथा जिले के सभी नगर पालिका अधिकारियों को शहरी क्षेत्र में कार्यालय में स्वच्छता श्रमदान से गंदे स्थान की सफाई तथा जीरो वेस्ट परिसर घोषित करने 17 सितंबर को शुभारंभ कार्यक्रम आयोजन सोशल मीडिया पर अपलोड हेतु स्वच्छता लक्षित इकाई के पहले तथा बाद के छायाचित्र तथा नवाचार के लघु वीडियो उपलब्ध कराने आम नागरिकों को जोडने के लिए दीवार लेखन स्थानीय बाजार, बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक क्षेत्र में लाउडस्पीकर से प्रचार प्रसार करवाना शासन द्वारा जारी कैलेंडर अनुसार गतिविधियों के आयोजन आदि कार्य सोपे हैं। जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जनपद पंचायत की 3000 से अधिक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक स्वच्छता लक्षित इकाई का चिन्हाकन तथा पोर्टल पर अपलोड करने एवं कायाकल्प करने स्वच्छता मित्रों के चयन तथा पंजीकरण कर बीएमओ तथा अन्य विभागों से समन्वय कर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजन तथा अन्य गतिविधियों के आयोजन का दायित्व सोपा गया है। जनजाति कार्य विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती रंजना सिंह, परियोजना समन्वयक धर्मेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री केसी शर्मा, प्राचार्य कॉलेज डॉ वाय के मिश्रा को शैक्षणिक संस्थाओं के परिसर में स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन, व्यक्तिगत स्वच्छता, शौचालयों की स्वच्छता, पौधारोपण, चित्रकला, निबंध, काव्य पाठ, प्रश्नोत्तरी, खेलकूद, स्वच्छता शपथ आदि कार्य सोपा गया है। महिला बाल विकास अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा को आंगनबाडियों में स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन व्यक्तिगत स्वच्छता, शौचालय की स्वच्छता एवं उपयोग आदि कार्य सोपा गया है। जिला प्रबंधक एनआरएलएम जयप्रकाश चौहान को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की अभियान में भागीदारी तथा महिलाओं के मध्य वेस्ट टू आर्ट कंपटीशन का आयोजन का दायित्व सोपा गया है। इसके अलावा अन्य अधिकारियों को भी दायित्व सोपे गए हैं।

प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 20 सितंबर को रतलाम में

रतलाम। रतलाम स्थित प्रतिष्ठान इफ्का लेबोरेटरीज लि., अंकलेसरिया ऑटोमोबाईल्स संतोष इंटरप्राईजेज, पटेल मोटर्स (इंदौर) प्रा. लि. मारूति मेंटेनेन्स सर्विसेस आदि प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिप व प्लेसमेंट के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (क्करूड्डरू) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सज्जन मिल के सामने, सैलाना रोड, रतलाम में 20 सितंबर 2024 को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आई.टी.आई के विभिन्न व्यवसायों एवं 12 वीं तथा स्नातक के रिक्त पदों के लिए कंपनियों द्वारा भर्ती की जाएगी। उपरोक्त मेले में कंपनियों द्वारा महिला/पुरूष दोनों उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा एवं अप्रेंटिसशिप के दौरान नियमानुसार स्ड्डद्गश्चद्गठ्ठ्र भी दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला(क्करूड्डरू) में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन पंजीयन लिंक द्धह्लह्लश्च~/द्गशह्लद्बह्य.द्दद्दद्ग/ठ्ठ२।क्तह्लष्ठ्ठ४ड्डठ्ठ्यक्कह्लद्ध२।×5 पर समस्त पात्र आवेदक पंजीयन कर सकते है तथा 20 सितंबर को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सज्जन मिल के सामने, सैलाना रोड, रतलाम में उपस्थित होकर उपरोक्त अप्रेंटिसशिप मेले में भाग ले सकते है। आयोजन के दिन अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटाष्ठ्टष्ठ्मेनउम सहित अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों को लेकर आई टी आई परिसर में प्रातः 10 बजे उपस्थित हो। भर्ती कंपनी द्वारा अपनी शर्तों पर की जाएगी। साक्षात्कार के समय कंपनी से समस्त जानकारी स्वयं प्राप्त करें। मेले में प्रतिभागिता हेतु आवेदकों को कोई मार्ग व्यय नहीं दिया जाएगा।

देवी अहिल्याबाई होलकर ने देश के अनेक तीर्थ स्थानो पर मंदिरों एवं धर्मशालाओ का निर्माण किया :गिरीश

रतलाम। देवी अहिल्याबाई होलकर ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिया एवं विधवा महिलाओं की स्थिति पर समय - समय पर बनाए कानून में बदलाव किया। अहिल्याबाई अपनी प्रजा व गरीबो की भलाई के लिए हमेशा तत्पर रहती थी। उक्त विचार मुख्य वक्ता गिरीश भालेराव (मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति उज्जैन) ने महाराष्ट्र समाज द्वारा मनाए जा रहे 95 वां सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव के अंतर्गत गत रात्रि को स्टेशन रोड़ स्थित समाज भवन में व्याख्यान कार्यक्रम के अन्तर्गत लोकमाता अहिल्याबाई होलकर व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र प्रान्त के चौंडी नामक ग्राम में हुआ था। वह एक सम्मानित मराठा परिवार से थी। वह बचपन से ही शिवभक्त थी। उन्होंने 30 साल के शासनकाल में इंदौर को एक समृद्ध एवं विकसित शहर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कैलाश व्यास (सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर प्रॉसिक्यूशन,रतलाम) ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिल्याबाई भगवान शिव की भक्त थी। भगवान शिव की शक्ति उनके साथ चलती थी। उन्होंने महाराष्ट्र समाज द्वारा आयोजित होने वाले दस दिवसीय कार्यक्रम के लिए समाजजनों को बधाई दी।

कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री गणेश जी की आरती की गई। अतिथियों का स्वागत महाराष्ट्र समाज अध्यक्ष भूषण बर्वे , सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव समिति अध्यक्ष श्रीकांत दिवे, सचिव विरेन्द्र कुलकर्णी, सुनील पुरंदरे, किशोर जोशी ने किया। अतिथियों को शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह महाराष्ट्र श्री शारदा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ संजय वाते एवं पदमाकर पागे ने भेंट किए। कार्यक्रम संयोजक वीरेन्द्र वाफगांवकर, अनुराग लोखंडे, किशोर जोशी थे। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक अंकित सोमानी, डॉ प्रदीप सिंह राव, शारदा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ संजय वाते, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र वाघ, उपाध्यक्ष दिलीप कुलकर्णी, श्याम विन्चुरकर, अरुण पोटाडे, सुनील सराफ, मिलिंद करंदीकर, संदीप नारले, पत्रकार तुषार कोठारी, राकेश पोरवाल, नितिन बोरगांवकर, निसर्ग दुबे, जयंतीलाल जैन, नरेन्द्र त्रिवेदी,अरविंद मिश्रा, विनय मोघे, श्रीकांत जोशी संतोष कोलंबेकर, अरविंद डबीर,स्नेहिल मोघे आदि उपस्थित थे। संचालन वीरेन्द्र वाफगांवकर ने किया। आभार महाराष्ट्र समाज अध्यक्ष भूषण बर्वे ने माना।

मेठवाड़ा पंचायत में भ्रष्टाचार का पर्दाफाश

प्रशासनिक अधिकारियों की निष्क्रियता पर सवाल

देपालपुर (संदीप सेन)। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इंदौर जिले के प्रभारी होने के बावजूद पंचायत में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। अफसर और नेता पंचायत के सरपंच और सचिव को संरक्षण देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, जिससे उन्हें भ्रष्टाचार करने की खुली छूट मिल जाती है। ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव के कार्यों से ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि फर्जी बिल लगाकर राशि निकाली गई है।

इंदौर जिले के देपालपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मेठवाड़ा में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री ने मिलकर भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड तोड़ने में लगे हैं। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना देने और शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही, जिससे भ्रष्ट पंचायत कर्मियों के हौसले बुलंद हैं और वे शिकायतकर्ताओं को धमकी देने लगे हैं।

बताया गया है कि ग्राम पंचायत मेठवाड़ा में केदार बाबूजी के घर से छोटी पुलिया तक जल निकासी लाइन का निर्माण, सीसी सड़क सह नाली निर्माण के लिए पांचवा राज्य वित्त आयोग के 3 लाख रुपए की राशि निकालकर हजम कर ली गई है। यह कार्य 14 अप्रैल 2023 को स्वीकृत हुआ था लेकिन 17 माह बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं किया गया।

उक्त मामले में जिला पंचायत सदस्य दशरथ सिंह पवार ने जांच के लिए जनपद सीईओ को शिकायती पत्र लिखा है। वहीं अब इस मामले में स्थानीय जागरूक नागरिकों द्वारा मामले की जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री ने कर्तव्य का दुरुपयोग किया है। कलेक्टर आशीष सिंह और जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन को इस मामले में सख्त कार्रवाई करनी

चाहिए। अगर कोई व्यक्ति अमानत में खयानत करता है, तो वह आपराधिक न्याय भंग का दोषी होगा, भारतीय न्याय संहिता की धारा 316, आपराधिक विश्वासघात से जुड़ी है। यह धारा तब लागू होती है, जब कोई व्यक्ति किसी और की संपत्ति का दुरुपयोग या बेईमानी से इस्तेमाल करता है।

ग्राम पंचायत मेठवाड़ा में भ्रष्टाचार के मामले में कई और अनियमितताएं सामने आई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों में भी भारी भ्रष्टाचार हुआ है। उदाहरण के लिए, पंचायत द्वारा स्वीकृत कई निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की कमी और अधूरे काम की शिकायतें हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत के अधिकारियों ने फर्जी बिलों के माध्यम से सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। इसके

अलावा, पंचायत के कई कर्मचारियों पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, जिनमें रोजगार सहायक और उपयंत्री शामिल हैं।

स्थानीय जागरूक नागरिकों ने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि अगर प्रशासनिक अधिकारी इस मामले में सख्त कदम नहीं उठाते हैं, तो वे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

इनका कहना है:

ठेकेदार को पाइप के लिए काम दिया था और इधर सुनने में आया था कि नया रोड स्वीकृत हुआ है इस कारण काम पेंडिंग कर दिया था। हां, पेमेंट निकल गया है, पाइप का पेमेंट दे दिया है ठेकेदार को, 3 लाख रुपए की टीएस थी।

भरत बैरागी

ग्राम पंचायत मेठवाड़ा में 3 लाख की वित्तीय अनियमितता, ग्रामीणों का आक्रोश

भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी मेठवाड़ा पंचायत, जांच की मांग तेज

सचिव मेठवाड़ा

परसों शिकायत आई थी मेरे पास, मैंने सब इंजीनियर को प्रतिवेदन देने के लिए कहा है।

एमएल वर्मा, सीईओ, जनपद पंचायत देपालपुर

कल ही मेरे पास शिकायत आई है, मैं जिला स्तरीय दल बनाकर जांच के लिए टीम भेजूंगा, उसके बाद ही मैं कुछ बता पाऊंगा।

सिद्धार्थ जैन, सीईओ जिला पंचायत इंदौर

ग्राम पंचायत मेठवाड़ा के सरपंच और सचिव ने शासन की राशि का अमानत में खयानत किया है। बिना काम किए एक साल पहले पेमेंट निकाल लिया है और आज तक काम नहीं किया। हमने शिकायत की है, पुलिस में भी केस दर्ज करवाएंगे।

दशरथ सिंह पटेल
जिला पंचायत सदस्य इंदौर

सनव्वर पटेल का स्वागत

इंदौर। मध्यप्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सनव्वर पटेल जो मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सनव्वर पटेल का इंदौर में मोरी वाली दरगाह पर स्वागत किया गया। एमजी रोड स्थित ख्वाजा साहब का तकिया वक्फ कमेटी के सदर अकबर अहमद ने पुष्पमाला पहनाकर सनव्वर पटेल का स्वागत किया। इस मौके पर वक्फ कमेटी के जिला अध्यक्ष रेहान शेख, मोरी वाली दरगाह कमेटी के अध्यक्ष इस्माइल खान, वरिष्ठ भाजपा नेता महफूज पठान, अशफाक गोलू आदि मौजूद थे।

गणेश उत्सव की धूम

इंदौर। खातीवाला टैंक स्तिथ ब्रिलियंट हायर सेकंडरी स्कूल इंदौर में दस दिवसीय गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा। प्राचार्य इशीत कुमार मालवी ने बताया की विद्यालय में हमने इको फ्रेंडली गणेश जी की स्थापना की है तथा विधार्थियो को रोटरी क्लब ऑफ इंदौर मार्शल के माध्यम से मिट्टी के गणेश जी बनाने का प्रशिक्षण भी दिया है।

दिनांक 14 सितंबर को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों का कवि सम्मेलन आयोजित किया गया है। रोटरी इंटरनेशनल के रोटेरियन राजेंद्र सिंघी जी तथा रोटेरियन सरजीव भाई पटेल को मोटिवेशनल वक्ता के रूप में आमंत्रित कर विधार्थियों का ज्ञानवर्धन किया जावेगा। विद्यालय में रोज दो समय पूरे बच्चो एवम स्टाफ के सदस्यो को शामिल कर आरती पूजा की जाती है। उप प्राचार्य श्री राजेश कोडवानी, श्री विशाल यादव, डॉक्टर संजय कुमार मालवी, जयंत पंवार,आनंद मंत्री,श्रीमती बग्गा ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर बच्चो का उत्साह वर्धन किया।

धोबी सेना महिला मोर्चा अध्यक्ष ने आकाश विजयवर्गीय का स्वागत किया

इंदौर। धोबी सेना महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती एकता बाथम ने विधानसभा तीन के विधायक श्री आकाश विजयवर्गीय के जन्मदिन पर उनके निवास पर पहुंचकर उनका पुष्प माला पहनकर स्वागत किया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर उनके साथ रितेश बाथम सनी चौहान समाजसेवी सेलू रैकवार सौरभ मोदी गौतम बुंदेला राकेश बाथम सौरभ मालवीय वर्षा मालवीय उपस्थित थे।

एसेंट पब्लिक स्कूल के 25 खिलाड़ियों का कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन

इन्दौर। एसेंट पब्लिक स्कूल के 25 खिलाड़ियों का चयन 20वीं इंदौर जिला रेनबुकान कराटे प्रतियोगिता के लिए चुने गए है। इन खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी जगह पक्की की है।

बालक वर्ग में चयनित खिलाड़ी रूहान वकार अहमद, जैनुअल आबदीन, अरहान अंसारी, जुनैद शेख, आतिफ नियाजी, अयान खान, कमरौशुद्दीन कुरैशी, मोहम्मद हमदान खान, अब्दुल समद खान, ताहा, अरमान अली, जैद अंसारी, मोहम्मद अयान अली अंसारी और शाहिद हुसैन।

बालिका वर्ग में चयनित खिलाड़ी सबरीन खातून, जोहरा गौरी, अलीजा गौरी, अदीबा नियाजी, आमना बी, अलीना फातिमा, मदीहा खान, फातिमा बी, सैयद आयशा अली, महक खान और अनुषा। खिलाड़ियों के चयन पर अध्यक्ष हबीबुल्लाह खान, मास्टर सईद आलम, वाइस प्रिंसिपल सबा खान, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर जहांगीर खान और हुमेरा खान ने शुभकामनाएं दी।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की ग्राहक सशक्तिकरण में अहम

इंदौर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एवं महाराजा रंजीत सिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 12 सितम्बर 2024 को उपभोक्ता जागरूकता हेतु संगोष्ठी आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. आनंद निघोजकर ने अतिथियों का स्वागत किया।

उपभोक्ता अधिकार, जागरूकता एवं कानून विषय पर उद्बोधन देते हुए मुख्य वक्ता न्यायाधीश डॉ. अनिल पारे ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में संशोधन के पश्चात ग्राहक सशक्त हो गए हैं, जिसमें प्रकरण के निराकरण करने के लिए समय सीमा सुनिश्चित की गई है।

अब सेवा प्रदाता या निर्माता के क्षेत्र में ही परिवाद दायर करने का बंधन नहीं रह गया है। विशिष्ट अतिथि ग्राहक पंचायत इन्दौर महानगर अध्यक्ष श्री देवेन्द्र दुबगे ने उपभोक्ता संरक्षण के लिए जागरुकता का महत्व बताया।

महाराजा रंजीत सिंह कॉलेज ऑफ़ प्रोफेशनल साइंसेज के चेयरमेन डॉ. राम श्रीवास्तव ने श्रोताओं का विशेष मार्गदर्शन किया। MRSGI की डायरेक्टर डॉ. इरा बापना एवं वुमेन सेल कोऑर्डिनेटर डॉ. दीप्ति सेठी का विशेष योगदान रहा।

संगोष्ठी में ग्राहक पंचायत के मालवा प्रान्त विधि प्रमुख सुहास पुंडलीक एवं इन्दौर महानगर सहसचिव डॉ. शशिकला चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रोफेसर शिफा गोयल ने आभार व्यक्त किया। डॉ. गीता सूरी ने मंच संचालन किया। संगोष्ठी से 157 विद्यार्थी एवं 28 प्राध्यापकगण लाभान्वित हुए।

मुंबई के लालबाग राजा में विश्व शांति हेतु प्रार्थना

इंदौर। मुंबई के विश्वप्रसिद्ध लालबाग राजा पाण्डाल में वायवरेन्ट वायरल मीडिया के संचालक ईशान साबू के नेतृत्व में विश्व शांति हेतु प्रार्थना की गई। ईशान साबू ने लोअर पटेल स्थित लालबागचा राजा के चरण स्पर्श कर दर्शन प्राप्त किए। भगवान गणेशजी का दर्शन प्रसाद प्रतिदिन लाखों लोग प्राप्त कर रहे हैं। गणपति की अनुकम्पा से चरण स्पर्श दर्शन प्राप्त होना गणेशोत्सव में सौभाग्य की बात है।

राठी का अभिनंदन किया

इंदौर। साहित्यकार नयन राठी का सांई प्रचार मिशन अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी मैत्री मंच, शिक्षा नायक दैनिक परिवार ने आज अणुव्रत विश्व सोसायटी राजसमन्द से सम्मानित होकर आने पर फडनीस काम्पलेक्स में अभिनंदन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सांई भक्त कमलकुमार साबू ने की। साबू ने राठी को इंदौर का गौरव बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीता सोनी ने की। संचालन किया शिक्षानायक संपादक बाबूभाई पंवार ने। आभार माना। नवीन अहरिकर ने।

मन्नत पूरी होने पर बेटे को 10 लाख से अधिक नोटों से तौला

उज्जैन। मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के बड़नगर में एक अनोखी घटना सामने आई है, जहां एक पिता ने अपने बेटे की मन्नत पूरी होने पर उसे 10 लाख से अधिक की राशि के नोटों से तौलकर मंदिर को दान कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

बड़नगर निवासी भगवान जाट ने 4 साल पहले अपने बेटे वीरेन जाट (30) के लिए एक मन्नत मांगी थी, जो अब पूरी हो गई। मन्नत पूरी होने पर उन्होंने अपने बेटे का वजन 82 किलो के बराबर 10 लाख रुपए से अधिक की गड्डियों से तौला और पूरी राशि तेजाजी महाराज मंदिर के निर्माण कार्य के लिए दान कर दी। यह घटना तेजा दशमी के अवसर पर हुई, जिसे उज्जैन में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।

इस पर्व पर लोग अपनी मन्नतें मांगते हैं और मन्नत पूरी होने पर आस्था के अनुसार भेंट चढ़ाते हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, भगवान जाट ने प्रार्थना की थी कि मन्नत पूरी होने पर वे अपने बेटे को नोटों से तौलकर वह राशि मंदिर में दान करेंगे, जो उन्होंने अब पूरा किया है।

राप्रसे अफसरों को प्रस्ताव भेजने का इंतजार

8 अफसरों को मिलना है इस साल आईएएस अवार्ड

इंदौर। राज्य प्रशासनिक सेवा के 8 अफसरों को इस साल भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत किया जाना है। पदोन्नत कब होंगे यह कोई नहीं जानता है। इसकी वजह है, अब तक प्रदेश से पदोन्नति की बैठक के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव ही नहीं भेजा गया है। यही वजह है कि इन्हें कब पदोन्नति मिलेगी कोई नहीं बता पा रहा है।

इसके उलट दूसरे प्रदेशों में राप्रसे के अफसरों को बीते माह ही पदोन्नत किया जा चुका है। दरअसल, उच्च पदों पर बैठक अखिल भारतीय सेवा के अफसरों को पद रिक्त होते ही तत्काल उसी दिन पदोन्नत कर दिया जाता है, जिसकी वजह से उन्हें अधीनस्थ अफसरों व कर्मचरियों की पदोन्नति की ड्डचता ही नहीं रहती है। इस बार प्रदेश के आठ अफसरों के लिए कैसीडरिंग जोन में आने वाले तीन गुना याने 24 अफसरों के नामों पर विचार किया जाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति के लिए बैठक करने जल्द ही आठ पदों के विरुद्ध चौबीस अफसरों के नामों पर विचार करने बैठक का आयोजन करने संघ लोक सेवा आयोग को जल्द ही प्रस्ताव भेजने वाला है। संघ लोक सेवा आयोग के पास मध्यप्रदेश शासन का प्रस्ताव पहुंचने के बाद यूपीएससी इस पर विचार करेगा और देशभर में अलग-अलग राज्यों से आने वाले प्रस्तावों के अनुसार मध्यप्रदेश में राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को पदोन्नत कर आईएएस प्रमोट किए जाने पर विचार करने डीपीसी की बैठक का समय तय करेगा।

समय तय होने के बाद संघ लोक सेवा आयोग दिल्ली या भोपाल में ही पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित करेगा। इस बैठक में संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या एक सदस्य और केन्द्र सरकार में पदस्थ दो ज्वाइंट सेक्रेटरी स्तर के अधिकारियों को नामित करेगा। इसके अलावा मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश में पदस्थ मुख्य सचिव वेतनमान पा रहे एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक की सचिव इस बैठक में शामिल होंगे।

फिर आठ पदों के लिए चौबीस अफसरों के नामों पर विचार किया जाएगा। राप्रसे के इन अफसरों के नामों पर होगा विचार राज्य प्रशासनिक सेवा के 2006 और 2007 बैच के अफसरों के अलावा कुछ पुराने बैच में आईएएस बनने से शेष रह गए अफसरों के नामों पर विचार किया जाएगा।

दो बैच के इन अफसरों के नाम

2007 बैच के राप्रसे अधिकारियों के अलावा कुछ पुराने बैच में आईएएस बनने से शेष रह गए अफसरों के नामों पर विचार किया जाएगा।

आईएएस के पद पर प्रमोट करने के लिए जिन अफसरों के नाम पर विचार होगा उनमें पंकज शर्मा, नारायण प्रसाद नामदेव, जयेन्द्र विजयवत, मनोज मालवीय, कैलाश बुंदेला, कमल नागर, नंदा कुशरे, अनिल डामोर, सविता झानिया, सारिका भूरिया, कमल सोलंकी, जितेन्द्र सिंह चौहान, कमलेश पुरी, संतोष टैगोर, निशा डाबर, राकेश कुशरे, शैली कनाश, रोहन सक्सेना, कविता बाटला, सपना जैन, आशीष कुमार पाठक, मिनिषा पांडे और इला निवारी, सपना लोवंशी के नामों पर विचा किया जाएगा।

इनमें कमलेश पुरी की प्रोबेशन के समय से डीई चल रही है इसलिए इनका नाम डीपीसी के लिए रखा जाएगा लेकिन विचार नहीं किया जाएगा।

वाहन खराब होने से मोरटक्का का पुल पर फिर लगा जाम आय दिन श्रद्धालु होते हैं परेशान

ओंकारेश्वर (नि प्र)। नर्मदा नदी पर मोर टक्का का राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनेअग्रेजों के जमाने के पुल पर आए दिन लगते हैं जाम इन दोनों नर्मदा नदी में आई बाढ़ के कारण नर्मदा लबालब बह रही है तो वहीं वाहनों की बढ़ती संख्या तथा लंबे-लंबे जाम आए दिन लग रहे हैं शुक्रवार को शाम एक वाहन के बीच पुल पर खराब होने से घंटे लंबी-लंबी लाइन लगी क्योंकि खंडवा एवं खरगोन के बीच दोनों जिलों की आधी आधी सीमा में बने पुल के कारण हमेशा खंडवा जिले की मोरटक्का का एवं खरगोन जिले के बड़वाह पुलिस को मशक्कत करना पड़ती है दोनों जिलों की पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से करवा कर देर रात ट्रैफिक खुलवाया नर्मदा में बढ़ रहे जलस्तर को देखकर प्रशासन ने नर्मदा स्नान पर भी दोनों स्थानों पर घाटों पर जाने पर प्रतिबंध लगाया ओंकारेश्वर बांध परियोजना के 21 गेट से लगभग 10 क्यु मेक्स से अधिक पानी निरंतर प्रभाव हो रहा है ।

अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है अस्पतालों का निरीक्षण

खरगोन। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था एवं स्वच्छता बनाएं रखने के लिए कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अस्पतालों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री भारत सिंह जमरे एवं श्रम पदाधिकारी श्री अमित डुडवे ने 13 सितंबर को रक्षा हॉस्पिटल परसाई कॉलोनी खरगोन का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। अधिकारियों द्वारा अस्पतालों का निरीक्षण करने के पश्चात प्रतिवेदन जिला कार्यालय को प्रस्तुत किया जा रहा है।

बैंक कर्मचारी के पुत्र के ईलाज के लिए 50 हजार रुपये की मदद

खरगोन। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन के कर्मचारियों के द्वारा अपने साथी कर्मचारी वाहन चालक उदयसिंह मंडलोई के पुत्र के गंभीर रूप से अस्वस्थ होने तथा उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से सहकार भावना से ओतप्रोत होकर तत्काल उनके पुत्र जो की खरगोन के निजी चिकित्सालय के आई.सी.यू. में गंभीर रूप उपचारत हैं। उनकी चिकित्सा के लिए बैंक कर्मियों द्वारा अंशदान कर तात्कालिक सहायता के रूप में 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के महाप्रबंधक श्री पीएस धनवाल, श्री अनिल कानुनगों एवं बैंक कर्मचारियों द्वारा सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया तथा उनके पुत्र के शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की गयी। विदित हो कि इसके पूर्व भी एक बैंक कर्मचारी के दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होकर बॉम्बे हॉस्पिटल इंदौर में 08 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी थी।

17 सितंबर को जिला चिकित्सालय में पीएम जन औषधि केंद्र का होगा शुभारंभ

खरगोन। 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर जिला चिकित्सालय खरगोन में पीएम जन औषधी केंद्र का शुभारंभ किया जाएगा। इसका संचालन रेडक्रॉस समिति द्वारा किया जाएगा। 13 सितंबर को कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने जन औषधि केंद्र के निर्माण एवं कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, सीएमएचओ डॉ. एमएस चौहान, पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री श्री विजय सिंह पंवार, शहरी विकस अभिकरण के परियोजना अधिकारी श्री उमेश जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अपरवेदा बांध का रात्रि में खोला जाएगा एक गेट निचले ईलाकों में सतर्कता बरतने के निर्देश

खरगोन। 13 सितंबर को अपरवेदा बांध का जलस्तर पूर्ण भराव क्षमता एफआरएल से 317 मीटर 0.50 मीटर कम 316.50 मीटर तक पहुंच गया है। बांध में जल स्तर सुरक्षित लेवल तक बनाए रखने के लिए बांध का 01 गेट 0.40 मीटर खोला जाना है। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने नदी के किनारे के ग्रामों में सर्तकता बरतने के निर्देश जारी किये हैं। आम लोगों से भी अपील की गई है कि नदी, नालों के पुल-पुलियों पर पानी हो तो उसे पार न करें। अपरवेदा परियोजना भीकनगांव के सहायक यंत्री श्री शुभम दुबे ने बताया कि 13 सितंबर की रात्रि 09 बजे तक अपरवेदा बांध का गेट खोला जाएगा। जिससे लगभग 50 क्यूमेक पानी छोड़ा जाएगा। बांध में जल स्तर बढ़ने पर और अधिक गेट खोलने की आवश्यकता भी पड़ सकती है। जल स्तर कम होने पर गेट को चरणबद्ध तरीके से बंद किया जाएगा। अपरवेदा बांध का गेट खोलने से निचले क्षेत्र में पानी का बहाव तेजी से बढ़ेगा।

बालक अक्षांश की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया गया

खंडवा । माननीय सत्र न्यायाधीश खण्डवा श्रीमती ममता जैन, की न्यायालय द्वारा आरोपी श्रीराम पिता जयराम उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड क 8 मूंदी, जिला खण्डवा को धारा 302 भादवि के आरोप में आजीवन कारावास एवं 5,000/- रूपये अर्थदण्ड एवं धारा 364 भादवि के आरोप में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000/- अर्थदण्ड एवं धारा 201 भादवि के आरोप में दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000/- रू अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री चन्द्रशेखर हुक्मलवार द्वारा की गई। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी श्री हरिप्रसाद बांके, एडीपीओ द्वारा बताया गया कि, मृतक अक्षांश उम्र 3 वर्ष 6 माह के पिता श्याम ने पुलिस को अपने कथन में बताया कि, उसका पडोसी आरोपी श्रीराम कोठारे, एक डेढ माह से मोहल्ले में कहता था कि उसके पिता सुमेरसिंह ने उसके घर पर बिरवट विद्या (जादूटोना) कर दी है. इस कारण उसका परिवार सुखी से नहीं रहता है और ना ही उसे हम्माली का काम मिलता है और वह बोलता था कि सुमेरसिंह के वंश का नाश कर दूगा, दिपक जलाने वाला भी नहीं रहने दूंगा तथा बिना नाम लिये उसके घर के त्तामने आकर बोलता था। आरोपी श्रीराम का पुराना घर उसके घर के ठीक सामने ही है उसका लडका अक्षांश दिनांक 30.10.2021 को दोपहर 01ः30 से 02ः30 बजे के बीच घर से बिना बताये कहीं चला गया था जिसकी तलाश उसने और उसके परिजन द्वारा की गई तलाश करते रात के लगभग 08ः30 बजे उसके लड़के अक्षांश की लाश गोरी शंकर महाराज के बंद मकान में प्लास्टिक की सफेद रंग की बोरी में दिखी जिसे अलग कर देखा तो टांट का बोरा मुंह सुतली की रस्सी से बंधा हुआ दिखा जिरी खोलने पर उसे उसके लडके अक्षांश की लाश दिखी जिसकी गर्दन और दुब्बी पर लाल निशान दिख रहे थे. उसके बेटे अक्षांश की मौत हो चुकी थी। अक्षांश के पिता श्याम ने थाना मूंदी में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध उसके लडके अक्षांश को बहला फुसलाकर ले गया था कि रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान आरोपी श्रीराम से पूछताछ की थी, पूछताछ में उसने बताया था कि दिनांक 20.10.2021 को वह काम से घर लोटा तभी सुमेरसिंह का पीता अक्षांश घर के सामने से निकल रहा था तो उसने उसे इशारे से बुलाया और उसे गाय बाधने वाले घर में ले गया और प्लास्टिक के पानी भरने वाले पाईप से अक्षांश का गला घोटकर मार दिया और उसके लाश को सोयाबीन के काटले से ढकने के बाद वह अपने घर आ गया. फिर वह अपने घर आया और घर से टांट का बोरी और सुतली का टुकड़ा लेकर आया और उसने बोरी में अक्षांश की लाश को रखा और सुतली से मुंह बांध दिया और टांट की बोरी को प्लास्टिक की बोरी में भर दिया और उसे गोरी शंकर महाराज के सूने मकान के अंदर दिवार के पास रख दी। पुलिस ने गोरी शंकर महाराज के बंद मकान में प्लास्टिक की सफेद रंग की बोरी जप्त की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ?तार किया अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया।

किशोर नगर रहवासी संघ नवदुर्गा उत्सव समिति का पुनर्गठन बैठक 14 को

खंडवा। किशोर नगर स्थित श्री हनुमान वाटिका में किशोर नगर रहवासी संघ द्वारा शक्तिदात्री मां नवदुर्गा जी का नवरात्र उत्सव मनाने हेतु एक बैठक का आयोजन श्री मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर प्रमुख पुजारी जी पं. मनोज उपाध्याय के सानिध्य में शनिवार 14 सितंबर को होगा। यह जानकारी देते हुए संघ प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि किशोर नगर रहवासी संघ द्वारा 24 वें वर्ष अश्विन नवरात्र उत्सव हर्षोल्लास एवं श्रद्धा पूर्वक मनाये जाने हेतु उत्सव समिति के पुनर्गठन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन संघ अध्यक्ष एवं समिति संरक्षक पंडित प्रेमनारायण तिवारी की विशेष उपस्थिति में शनिवार 14 सितंबर को श्री आरती दर्शन एवं सुंदर काण्ड पाठ का सामुहिक वाचन के पश्चात रात्रि 8 बजे किशोर नगर श्री हनुमान वाटिका स्थित मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर में किया जाएगा।

जिसमें नवरात्रि महोत्सव में होने वाले कार्यक्रम एवं अन्य तैयारी को लेकर सुझाव दिए जाएंगे। बैठक में जोभी सदस्य मौजूद रहेंगे उन्ही के सुझाव लिये जायेगें। श्री मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति किशोर नगर, श्री मनोकामनेश्वर महादेव जी सेवा समिति के समस्त पदाधिकारी सदस्यों द्वारा किशोर नगर क्षेत्रवासियों से बैठक में उपस्थित हो कर नवरात्र उत्सव मनाए जाने की अपील की है।

सद्भावना मंच ने कलेक्टर से चर्चा कर दिया ज्ञापन

खंडवा। शहर एवं जिले की विभिन्न समस्याओं एवं विकाश को लेकर कलेक्टर अनूप कुमार सिंह को सद्भावना मंच ने ज्ञापन दिया। तथा उनसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा चर्चा की। कलेक्टर से जल समस्या, सड़कों के दुर्दशा, बिजली की समस्या, आवारा पशु, ट्रैफिक एवं विशेष रूप से ओवर ब्रिज के गड्ढे एवं दुर्दशा को लेकर चर्चा की। कलेक्टर ने सभी बातों को ध्यान से सुना तथा समस्याओं को हल करने के लिए आश्वस्त किया। सद्भावना मंचू ने ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, पूर्व अधीक्षक सुरेंद्र गीते, नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर, प्रवक्ता सुनील जैन, गणेश भावसार, डॉ एम एम कुरैशी,एन के दवे, देवेंद्र जैन, ललित चौरे, सुभाष मीणा सहित अन्य मौजूद थे.

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत गृह प्रवेश कार्यक्रम 15 सितंबर को

रतलाम। आगामी 15 सितंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत निर्मित आवासों के गृह प्रवेश कार्यक्रम के साथ ही स्वीकृति पत्र तथा सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि हस्तांतरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिले में भी कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में कलेक्टर राजेश बाथम ने संबंधित अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। सीईओ जिला पंचायत श्री शृंगार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को गृह प्रवेश आयोजन की तैयारी हेतु निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आयोजन में जिले के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक हितग्राही आदि सम्मिलित होंगे। हित ग्राहियों को घरों की चाबियां सोपी जाएगी, ग्राम सभा आयोजित करके नवीन हितग्राहियों को जानकारी दी जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायत राज के सभी अधिकारी कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता आदि ग्राम स्तरीय सभी कर्मचारी इस कार्यक्रम से जोड़े जाएंगे।

त्योहारों के मद्देनजर जिले मे एक सप्ताह मे कुल

312 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

मोघट थाना क्षेत्र के 02 आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर का प्रकरण पेश

खंडवा। पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर व अतिरिक पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे आगामी त्योहारों के मद्देनजर आदतन अपराधियों एवं गुंडे बदमाशों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए थे। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए बाउन्ड ओवर की कार्यवाही की जा रही है, यदि असामाजिक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था मे किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न किया जाता है तो उनकी जमानत राशि की जप्ती की कार्यवाही एवं जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी। थाना प्रभारी थाना मोघट रोड निरीक्षक धीरेश धारवाल द्वारा थाना क्षेत्र के 02 गुंडे बदमाश के विरुद्ध जिला बदर का प्रकरण तैयार किया गया। अनावेदक सैयद सलीम लंगड़ा पिता सैयद जावेद उम्र 35 साल निवासी बापू नगर थाना मोघट रोड खंडवा एवं सैयद नासिर पिता सैयद अहमद उम्र 38 साल निवासी बापू नगर थाना मोघट रोड खंडवा के विरुद्ध थाना क्षेत्र मे मारपीट एवं गुंडागर्दी के अनेक अपराध पूर्व से पंजीबद्ध है। दोनों अनावेदकों द्वारा लगातार आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त होकर आपराधिक घटना कारित की जाती रही है। दोनों अनावेदकों के विरुद्ध धारा 5 (ख) म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर का प्रकरण तैयार कर पुलिस अधीक्षक खंडवा के माध्यम से दिनांक 13.09.24 को जिला दंडाधिकारी खंडवा के यह प्रस्तुत किया गया है। जिले मे आगामी गणेश उत्सव पर्व, डोल ग्यारस, ईद मिलादुन्नबी, अनंत चतुर्दशी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पिछले एक सप्ताह मे विभिन्न थानो के कुल 312 असामाजिक तत्त्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

कलेक्टोरेट में लगी प्रभारी मंत्री की खिड़की, आमजन कर सकेंगे शिकायत

रतलाम। जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह के निर्देश पर रतलाम कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रभारी मंत्री की खिड़की स्थापित कर दी है। यह खिड़की कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 6 में स्थापित की है।

फोटो नं. 14-8

सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आमजन यहां पर अपनी शिकायतों, समस्याएं दे सकेंगे। निराकरण के लिए कर्मचारियों द्वारा शिकायतें, समस्याएं प्राप्त कर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर राजेश बाथम ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने पर उसे प्रभारी मंत्री के कार्यालय को भी तत्काल प्रेषित किया जाएगा। साथ ही जिले के संबंधित विभाग प्रमुख को कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। प्राप्त होने वाले आवेदनों तथा उनके निराकरण की स्थिति एक्सेल शीट में दर्ज की जाएगी। प्रत्येक समय सीमा बैठक में समीक्षा की जाएगी। प्रभारी मंत्री की खिड़की व्यवस्था पर प्रभारी लिपिक श्वेता बिल्लौरे तथा सहायक वर्ग तीन लीना वर्मा बैठेंगे।

वार्षिक आम सभा का आयोजन

गुड़ी। शुक्रवार को बहुउद्देशिय प्राथमिक कृषि साख सहकारिता सोसायटीज (बी-पेक्स), गुड़ीखेड़ा में वार्षिक साधारण सभा आयोजित कि गई। सभा में समिति प्रबंधक श्री वानखेड़े द्वारा वार्षिक बजट पेश किया गया। इस अवसर पर समारोह में सम्मिलित कृषकों द्वारा नगद खाद बिक्री की मांग रखी गई।

पौधारोपण से धरा पर छाएगी हरियाली, जीवन में आएगी खुशहाली

खण्डवा। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आक्सीजन देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है ।

इस बात को ध्यान में रखते हुए लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा पौधारोपण का अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत वृहद पौधारोपण किया जा रहा है। लायन नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि वृहद पौधारोपण अभियान के अंतर्गत लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा अध्यक्ष अणिमा उबेजा, सचिव घनश्याम वाधवा, कोषाध्यक्ष वसीम कुरेशी, रीजन कोडिनीटर पर्यावरण अखिलेश गुप्ता, झोन चेयरपर्सन राजीव मालवीय व संयोजक मनीषा गुप्ता के नेतृत्व में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस दौरान एंजल्स प्लेनेट स्कूल के प्रांगण में 50 से अधिक फलदार व छायादार पौधे रोपते हुए उनके सरंक्षण का संकल्प लिया गया। स्वागत उद्बोधन देते हुए अध्यक्ष अणिमा उबेजा ने पौधारोपण सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पौधे जब बड़े होते हैं

तो यह हमें फल, फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए आक्सीजन देते हैं।पर्यावरण कॉर्डिनेटर अखिलेश गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है।सचिव घनश्याम वाधवा ने कहा कि पर्यावरण के दूषित होने से बढ़ रही गंभीर बीमारियां की गंभीरता से समझना होगा और हर व्यक्ति को जनहित व देशहित में पौधारोपण करने का संकल्प लेना होगा।

लायन प्रमोद पुरी ने कहा कि जीवनदायी आक्सीजन का एकमात्र स्वोत पौधे हैं इसलिए जीवन को बचाने के लिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए अगर पौधे नहीं रहेंगे तो हमें आक्सीजन की दिक्कत हो जाएगी।इस पौधारोपण अभियान में अणिमा उबेजा, घनश्याम वाधवा, वसीम कुरैशी, गुरमीत सिंह उबेजा, नारायण बाहेती, अखिलेश गुप्ता, प्रमोद पुरी, रितेश गोयल, राजीव शर्मा, सनत श्रीमाली, प्रेमनारायण पिपलोनीया, उमाशंकर उपाध्याय, मनीषा गुप्ता, शकुंतला नागोत्रा, राजकुमारी दूधे, आशा उपाध्याय, अपूर्व उपाध्याय व लायन व लियो सदस्य उपस्थित रहे। लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा विगत वर्षो में इसी परिसर में पौधे लगाए गए थे।उनके विकसित होते देख प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्कूल स्टाफ व बच्चों को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम का संचालन नारायण बाहेती ने एवं आभार मनीषा गुप्ता ने माना।

वन विभाग के बड़ी कार्रवाई दो आरोपियों को जेल भेजा

ओंकारेश्वर - (नि प्र)। वन परिक्षेत्र ओम्कारेश्वर ग्राम कोठी के पास वन विभाग की टीम ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार दोनों आरोपियों के कब्जे से वन्य प्राणी के खरीद फरोख्त करते हुए 34 नग हत्था जोडी घोडपड़ के जब्त किया वन विभाग की टीम ने वन अपराध के तहत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है आरोपियों पर 2 आरोपी मौके से फरार , दोनों आरोपियों से पूछताछ करते हुए भेजा गया जेल।

मांधाता थाना स्टाफ ने निकाला फ्लेग मार्च

ओंकारेश्वर (नि प्र)। थाना मांधाता क्षेत्र के अन्तर्गत पुलिस ने आगामी त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए फ्लेग मार्च निकाला थाना प्रभारी अनोप सिंधिया ने कहा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में संपूर्ण थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के निर्देश दिए गए हैं उसी के तहत मांधाता थाना क्षेत्र के अंतर्गत थाना परिसर से मुख्य मार्गो पर पुलिस ने फ्लेग मार्च निकाला तथा सभी से शांति पुर्ण तरीके से धार्मिक पर्व मनाने की अपील की है।

ओंकारेश्वर में चल रही कथा के तृतीय दिवस भगवान शिवा मां पार्वती का विस्तृत विवाह वर्णन सुनाया

ओंकारेश्वर (नि प्र)। धार्मिक नगरी ओकारेश्वर में 10 सितंबर से 18 सितंबर तक अखिल भारतीय दशहरा नागर समाज धर्मशाला ट्रस्ट में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन प्रारंभ हुआ उज्जैन के पंडित श्री सुभाष चतुर्वेदी के मुखारविंद से कथा के तीसरे दिन धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा भगवान शिव मां पार्वती का विस्तृत विवाह वर्णन सुनाया गया भगवान गणेश कार्तिकेय का जन्मोत्सव मनाया गया राजा उत्तानपाद की कथा भक्त ध्रुव की कथा का वर्णन किया गया पं सुभाष चतुर्वेदी ने कहा कि भगवान का हर समय नाम स्मरण करना चाहिए खाते पीते सोते हर समय भगवान का नाम ही व्यक्ति को जन्म से उद्धार करने वाला है यही मोक्ष का उपाय है कलयुग केवल नाम अधारा सुमित सुमिर नर उतर ही पारा बिनु सत्संग विवेक न हो ही सत्संग से ही ज्ञान भक्ति और वैराग्य की प्राप्ति होती है इसलिए गोविंद नाम की बड़ी महिमा है खरगोन से पधारे हुए समाज के खरगोन जिला के अध्यक्ष द्वारा व्यास पीठ गुरु पूजन किया गया और महा प्रसादी के साथ में महा आरती का पूरे समाज जनों ने लुत्फ उठाया अखिल भारतीय दशहरा नागर समाज धर्मशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण दशोरे ने कहा प्रतिवर्ष समाज द्वारा धार्मिक आयोजन किए जाते हैं श्रीमद् भागवत सप्ताह का यह 30 वा वर्ष है सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है.

संगठन पर्व सदस्यता अभियान को लेकर के भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने ली बैठक

खंडवा। आज भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर के प्रदेश मंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा मध्य प्रदेश इंदौर संभाग सदस्यता अभियान प्रभारी श्री भगवती प्रसाद शिदे जी ने अनुसूचित जाति मोर्चे की बैठक ली जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के 21 000 सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया आज की बैठक में खंडवा जिले के जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल जी जिला महामंत्री अरुण सिंह मुन्ना जी राजेश तिवारी जी नानूराम मांडले जी, बप्पी नरवाले जी भागीरथ जी कुशवाहा बड़वानी जिला उपाध्यक्ष अमर यादव जी, दिना पवार जी ओम प्रकाश सिलावट जी एवं भाजपा के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे संचालन संतोष सरवन जी द्वारा किया गया आभार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष द्वारा किया गया.

मुंबई के लालबाग राजा में विश्व शांति हेतु प्रार्थना

इंदौर। मुंबई के विश्वप्रसिद्ध लालबाग राजा पाण्डाल में वायवरेन्ट वायरल मीडिया के संचालक ईशान साबू के नेतृत्व में विश्व शांति हेतु प्रार्थना की गई। ईशान साबू ने लोअर पटेल स्थित लालबागचा राजा के चरण स्पर्श कर दर्शन प्राप्त किए। भगवान गणेशजी का दर्शन प्रसाद प्रतिदिन लाखों लोग प्राप्त कर रहे हैं। गणपति की अनुकम्पा से चरण स्पर्श दर्शन प्राप्त होना गणेशोत्सव में सौभाग्य की बात है।

राठी का अभिनंदन किया

इंदौर। साहित्यकार नयन राठी का सांई प्रचार मिशन अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी मैत्री मंच, शिक्षा नायक दैनिक परिवार ने आज अणुव्रत विश्व सोसायटी राजसमन्द से सम्मानित होकर आने पर फडनीस काम्पलेक्स में अभिनंदन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सांई भक्त कमलकुमार साबू ने की। साबू ने राठी को इंदौर का गौरव बताया।

विपक्ष के नेता द्वारा की गई आपत्ती पूर्ण औछी मानसिकता को लेकर भाजपा संगठन ने कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

एसपी से मांग प्रतिपक्ष नेता मल्लू राठौर एवं यातायात निरीक्षक कुशवाह के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए

खंडवा । देश के प्रधानमंत्री का छद्म रूप धारण कर उनकी प्रतिष्ठा को धुमिल कर अपमान करने वाले अनावेदक गण व उनका सहयोग करने वाले पुलिस अधिकारी के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने को लेकर भाजपा संगठन द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर पुलिस अधीक्षक मनोज राय को ज्ञापन सोंपा गया, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शुक्रवार को नगर निगम सभागृह में परिषद की बैठक आयोजित की गई थी, राजनीतिक द्वेषता को दर्शाते हुए प्रतिपक्ष नेता मल्लू उर्फ दीपक राठौड़ द्वारा निगम परिसर में ध्वनि विस्तारक साउंड सिस्टम का उपयोगकर निगम महापौर के वाहन पर यातायात पुलिस द्वारा दबाव बनाकर चालानी कार्रवाई करवाई गई जिसकी भाजपा संगठन निंदा करता है, भाजपा जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल एवं महापौर अमृता अमर यादव की उपस्थिति में भाजपा संगठन द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सोंपते हुए मांग की गई की 13 सितंबर शुक्रवार को को दोपहर 12ः45 बजे करीब नगर निगम परिसर के अंदर महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव के खड़े वाहन कमांक-MP-11 T-8055 के संबंध में नेता प्रतिपक्ष

मुल्लू उर्फ दीपक राठौर व उनके कुछ सहयोगीयों ने मौके पर सुनियोजित तरीके से आकर माईक व साउंड सिस्टम का उपयोग करते हुये निगम परिसर के अंदर ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करते हुये ध्वनि प्रदूषण का अपराध किया इस हेतु प्रशासन व निगत आयुक्त की अनुमति भी प्राप्त नही की, और यातायात निरीक्षक सौरभ सिंह कुशवाह को मौके पर बुलाकर उनसे मिलकर उन्हे अपनी ओर से चालान की राशि देकर महापौर के वाहन का चालान बनवाया ।यह संपूर्ण कार्य अवैधानिक व नियमों के विरूद्ध होने के साथ साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जो कि एक संवैधानिक पद पर आसीन है कि प्रतिष्ठा को धुमिल किये जाने हेतु मुल्लू राठौर के सहयोगी द्वारा मोदीजी का मुखोटा लगाकर छद्रम वेश धारण कर प्रतिरूपण कर अपनी जेब से वाहन के चालान हेतु राशि यातायात निरीक्षक को चालान बनाने हेतु दी गयी। जिसे यातायात निरीक्षक ने प्राप्त कर चालान बनाया, जबकि विधिनुसार किसी वाहन का चालान बनाया जाता है तो उसकी राशि वाहन स्वामी से ही प्राप्त की जाती है। ऐसा न करते हुये यातायात निरीक्षक द्वारा दीपक उर्फ मुल्लू राठौर व उसके सहयोगीयों से चालान की राशि प्राप्त की जाना यह दर्शाता है कि यह पूरा कार्यक्रम पूर्व से षड़यंत्र पूर्वक सुनियोजित था, जिसमे यातायात निरीक्षक की भूमिका भी संदिग्ध है, क्योंकि उपर ली गयी आपत्ति सहित यह भी विशेष रूप से गोर किये जाने योग्य है कि उक्त वाहन रोड़ पर परिचालित नही था बल्कि नगर निगम की शासकीय भूमि के परिसर में खड़ी अवस्था में था, ऐसी अवस्था में यातायात निरीक्षक द्वारा नगर पालिक निगम खंडवा के आयुक्त के संज्ञान में लाये बिना की गयी कथित कार्यवाही राजनैतिक द्वेषता को दर्शाने के साथ साथ पुलिस और निगम नेता प्रतिपक्ष की आपसी मिली भगत को भी दर्शित करता है, साथ ही इसके माध्यम से मुल्लू राठौर व उसके निर्देश पर उसके सहयोगी द्वारा मोदीजी का छल पूर्वक प्रतिरूपण कर चालान राशि जेब से निकालकर मोदीजी के नाम पर यातायात निरीक्षक को दी जाना यह दर्शाता है कि, उपरोक्त सभी अनावेदकगण जानबूझकर देश के माननीय प्रधानमंत्री के वैश्विक जगत में व्याप्त को प्रतिष्ठा को धुमिल करने के साथ साथ करोड़ों देशवासीयों की भावनाओं को भी आघात पहुचाना चाहते है,निगम प्रतिपक्ष नेता मुल्लू राठौर आये दिन इसी प्रकार की छिछोरी एवं अवांछित हरकतों को करते हुये सस्ती लोकप्रियता हेतु शहर एवं निगम परिसर में हरकते कर शासकीय कर्मचारियों व खंडवा शहरवासीयों को परेशान किया जाता है।अतः निवेदन है कि, उपरोक्त निगम नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर,उनके सहयोगीयों और यातायात निरीक्षक सौरभ कुशवाह के विरूद्ध तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाकर कानूनी कार्यवाही की जावें, एवं उक्त निरीक्षक जिनके द्वारा विधि विरूद्ध की गयी है को निलंबित भी किया जावें, प्रवक्ता सुनीलजैन ने बताया कि परिषद की बैठक समाप्त होने के पश्चात भाजपा संगठन एवं भाजपा के पार्षद जिला कार्यालय होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सोपा गया, ज्ञापन का वाचन अधिवक्ता मोहन मोहन गंगराड़े द्वारा किया गया, ज्ञापन जिला अध्यक्ष ससेवादास पटेल, महापौर अमृता अमर यादव व पार्टी संगठन पदाधिकारी ने सोंपा, इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सेवा दास पटेल, महापौर अमृता यादव सांसद प्रतिनिधि अमर यादव जिला महामंत्री राजेश तिवारी, अरुण सिंह मुन्ना, पूर्व विधायक राम दांगोरे, परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा,प्रवक्ता सुनील जैन, नगर अध्यक्ष सुधांशु जैन, आशीष राजपूत, एमआईसी सदस्य राजेश यादव, विक्की बावरे, अनिल वर्मा,सोमनाथ काले, आशीष चटकेले,उग्रा दिना पंवार, अधिवक्ता देवेंद्र सिंह यादव,धर्मेंद्र बजाज,अनूप पटेल, कपिल अंजने,बप्पी नरवाले, चंद्रेश पचोरी,अनिल भगत, अश्विन साहू, प्रियांशु चौरे, रानू लाला सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं भाजपा के पार्षदगण उपस्थित थे।

6 सूत्री मांगों को लेकर नाविक संघ ने निकाय कार्या में

धरना देने पहुंचे अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद 20 सितंबर तक नाविकों ने अपना धरना स्थगित किया

ओंकारेश्वर (नि प्र)। नाविक संघ अपनी मांगों को लेकर नगर परिषद कार्यालय में धरना देने

पहुंचे अधिकारियों द्वारा पर्वों की व्यवस्था को लेकर आगामी दिनों में समस्या का समाधान करने का आश्वासन के बाद धरना स्थगित हुआ नर्मदा नदी में लंबे समय से वेध अवैध नाव एवं 6 सूत्री मांगों को लेकर नाविक संघ द्वारा प्रशासन से गुहार लगाई जा रही है किंतु अभी तक हल नहीं निकला किसी को लेकर नाविक संघ के अध्यक्ष भोलाराम केवट को अन्य पदाधिकारी नगर परिषद कार्यालय में सांकेतिक धरना प्रदर्शन को लेकर कार्यालय पहुंचे नारे लगाए तथा अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे नाविक संघ अध्यक्ष भोलाराम केवट एवं अरुण वर्मा ने मीडिया से चर्चा में कहा 6 सूत्री मांगों का निराकरण प्रशासन द्वारा 20 तारीख तक नहीं किया तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा सीएमओ संजय गीते ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर ली गई है नाविकों की समस्या को गंभीरता से लेकर शीघ्र हल किया जाएगा सुरेश पाटीदार ने कहा वरिष्ठ कार्यालय से मिले निर्देश के तहत नाविको को लिखित में आगामी आदेश तक समस्या का समाधान किया जाने का आश्वासन के बाद धरना आंदोलन स्थगित किया गया

पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारियों को सौंपे दायित्व

खण्डवा । गणेशोत्सव एवं मिलाद-उन-नबी पर्व के दौरान शहर में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला अधिकारियों एवं सहायक अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

नियुक्त अधिकारी अपने-अपने कर्तव्य क्षेत्र में सतत् भ्रमण करेंगे। नियुक्त अधिकारी एवं सहायक अधिकारियों की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्री अरविंद चौहान ने ली। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी भ्रमण के दौरान अपने साथ अपने अधीनस्थ कर्मचारी को भी साथ में रखें। साथ ही छोटी-बड़ी घटनाओं की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को समय समय पर देते रहें।उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी थाना प्रभारियों के सम्पर्क में रहें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेन्द्र तारणेकर ने कहा कि पर्व के दौरान मोबाइल सेक्टर अधिकारी भी सतत् भ्रमण करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी चल समारोह के दौरान आयोजकों से जानकारी लें कि वे कौनसे मार्ग से झांकी निकालेंगे, जिससे कानून व्यवस्थाएं बेहतर की जा सकें।साथ ही उन्होंने कहा कि झांकियों का मार्ग भी चिन्हित कर लें।

शासकीय उचित मूल्य दुकानों से मिल रहा है पोषण युक्त चावल और नमक

खण्डवा । एम.पी.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड के जिला प्रबंधक ने बताया कि जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन प्राप्त हितग्राहियों के लिए वर्तमान में शासन द्वारा फोर्टिफाईड चावल,आयरन, विटामिन बी-12 और फॉलिक एसिड युक्त एवं ''वन्या प्लस'' डबल फोर्टिफाईड आयोडिन एवं आयरन युक्त नमक का वितरण किया जा रहा है। जिसके सेवन से खून की कमी (एनीमिया) दूर होती है। उन्होंने बताया कि फोर्टिफाईड चावल मध्यप्रदेश के सभी जिलों में वितरित किया जा रहा है। एम.पी.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड के जिला प्रबंधक ने बताया कि 100 कि.ग्रा. सामान्य चावल में 1 कि.ग्रा. फोर्टिफाईड चावल के दाने मिलाए जाते हैं। फोर्टिफाईड चावल के दाने सामान्य चावल की तरह दिखते हैं। फोर्टिफाईड चावल के दाने पकाते या धोते समय दिखें तो इन चावलों को अलग न करे और इनका सामान्य चावल की तरह सेवन करें। यह प्लास्टिक चावल नही है बल्कि पोषण युक्त चावल है अतः भ्रामक जानकारियों से बचें।

मध्यप्रदेश में पढ़ रहे बुजुर्ग और दे रहे हैं परीक्षा

इन्दौर (नप्र)। भले ही देश के अधिकांश हिस्सों के युवा पढ़ाई लिखाई के लिए दूसरे प्रदेशों के बड़े शहरों में जाते है, लेकिन मप्र अब ऐसा राज्य बन गया है, जहां पर बुजुर्ग भी न केवल पढ़ रहे हैं , बल्कि परीक्षा भी दे रहे हैं । इसके लिए प्रदेश में एक मॉडल तैयार किया गया है । यह मॉडल पूरी तरह से हाइटेक है । इसके लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा एक ऐप बनवाया गया है । इसके माध्यम से हर घर की मॉनिटरिंग जियो टैगिंग से की जा रही है । दरअसल प्रदेश सरकार ने 15 वर्ष से अधिक आयु के हर व्यक्ति को पढ़ना-लिखना सिखाने का लक्ष्य रखा है । इसके लिए राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के तहत काम किया जा रहा है । इसमें एजेंसी राज्य शिक्षा केंद्र है । उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 55 जिलों में 45 लाख लोगों की परीक्षा ली गई । दो साल में 31 लाख लोग पास हुए । परीक्षा मोबाइल पर हुई । जियो टैगिंग से हर उस घर की मॉनिटरिंग हुई, जहां लोगों ने पढ़ना-लिखना सीखा है । राज्य शिक्षा केंद्र ने इसमें शिक्षकों और स्कूल के विद्यार्थियों की मदद ली है । साक्षरता के लिए देश में यह अपनी तरह का अनोखा प्रयोग है । अधिकारियों के मुताबिक 2027 तक प्रदेश के हर जिले को पूर्ण साक्षर करने की योजना है ।

नगर निगम का 544 करोड का बजट वर्ष 2024-25 पारित ट्रांसपोर्ट नगर के 48 भूखण्डों की दरों को मिली हरी झंडी

खंडवा नगर निगम की साधारण सभा की बैठक निगम सभागृह में संपन्न हुई । निगम परिषद अध्यक्ष श्री अनिल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संपन्न निगम परिषद का वर्ष 2024-25 का बजट कुल राशि 544 करोड परित किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए सदन में सर्वप्रथम राष्ट्रगान गाया गया। उसके पश्चात सदन में विगत दिनों दिवंगत हुए विभूतियों को दो मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजिल अर्पित की गई। तत्पश्चात अध्यक्षजी द्वारा 5 मिनिटके लिये बैठक स्थगित किये जाने के घोषणा की गई। श्रद्धांजलि पश्चात स्थगित बैठक पुनः प्रारम्भ की गई सदन में माननीय महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव द्वारा निगम का वर्ष 2024-25 के बजट का वाचन करते हुये शहर के विकास कार्यो के लिये विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कार्यो के लिये बजट का वाचन किया गया। सदन में सभी पार्षदों द्वारा अपनी मेजे थपथपा कर बजट पारित किया गया। बैठक में श्री सोमनाथ काले ने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि सदन में भोजन अवकाश एवं शुक्रवार की नमाज को देखते हुए सदन की शुरूआत विषय सूची अनुसार की जाये ताकि पर्याप्त समय प्राप्त हो सके। सदन में सभी ने इसका स्वागत किया । बैठक में बजट प्रस्ताव के अलावा ट्रांसपोर्ट नगर के 48 भूखण्डों की दरों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 23-24 एवं 24-25 में विभिन्न संस्थाओं को दिये जाने

वाले अनुदान की भी स्वीकृति प्रदान की गई। तथा कलेक्टर गाइड लाइन के अनुसार संपत्ति कर निर्धारण को भी स्वीकृत प्रदान की गई। माननीय अध्यक्षजी द्वारा सदन को दोपहर 1.27 पर भोजन अवकाश के लिये स्थगित किये जाने की घोषणा की गई। भोजन अवकाश पश्चात सदन दोपहर 3 बजे से पुनः प्रारम्भ हुआ प्रश्नकाल प्रारम्भ किये जाने हेतु सचिव एवं उपायुक्त श्री सचिन सिटोलेने अध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त कर सदन में माननीय पार्षणगणों के प्रश्नों का वाचन किया गया । जिस पर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रश्नों का जवाब सदन में दिया गया। कुछ प्रश्नों के उत्तर विस्तृत होने से माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा उन्हें लिखित में दिये जाने के निर्देश दिये गये। सम्मिलन में इस बार शहर के विकास को लेकर भी चर्चा की गई। परिषद की महिला सदस्यों द्वारा सर्वश्री श्रीमती सीमा यादव, श्रीमती मोनिका नीतिश बजाज,श्रीमती रोशनी गोलकर, श्री आशीष चटकले, श्री सोमनाथ काले, श्री राजेश यादव श्री विक्की वरूण बावरे ने शहर में हुऐ विकास कायों जैसे स्वीमिंगपुलस, ट्रासपोर्टनगर, शहर की आंगनवाडियों की मरम्मत, शहर में बनाये जा रहे संजीवनी क्लीनिकों, एवं शहर के अधोसंरचना के विकास हेतु किये गये विकास कार्यो के लिये माननीय महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव, विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल का आभार माना रेल्वे स्टेशन के उन्नयन हेतु श्री पाटिल का आभार एवं धन्यावाद ज्ञापित किया । अंत में अध्यक्षजी द्वारा सदन स्थगित किये जाने की घोषणा की गई। इधर सभा समाप्ति पश्चात महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव, अध्यक्ष श्री अनिल विश्वकर्मा, आयुक्त श्री निलेश दुबे, उपायुक्त श्री सचिन सिटोले ने शहर के समस्त नागरिकों से कल होने वाले लोकअदालत में पहुंचकर एवं टेक्स जमा कर लगने वाले अधिभार की छुट लिये जाने की अपील की ।

चलो हिंदी डे सेलिब्रेट करते हैं

वैलेंटाइन डे, फादर्स डे की तरह ही हिंदी %डे%,भी मनाना पड़ता है।अब की बार हिंदी डे पर अपने सुंदर लाल ने सोचा कि क्यों न हिंदी का मान बढ़ाने के लिए कुछ दिन हिंदी में ही बातचीत की जाए।इससे हिंदी पखवाड़ा भी मन जाएगा व बच्चों को %हिंदिया% संस्कार भी मिलेंगे।घर आकर शाम को धर्मपत्नी से बोले,÷बालक, बालिकाओं के विद्यालय खुल गए क्या?

धर्मपत्नी सब्जी काटते हुए बोली,÷किसके क्या खुल गए?

सुंदर लाल बोला, बालक, बालिकाओं के विद्यालय।

धर्मपत्नी बोली, हिंदी में बोलों ना।ये आज अंग्रेजी में क्या बोल रहे हो।

सुंदर लाल बोला,÷अरे बच्चों के स्कूल खुल गए क्या?

धर्मपत्नी तुनक कर बोली,÷तो ऐसे हिंदी में भी तो पूछ सकते थे।

इतने में उनका बड़ा बेटा आ गया। सूंदर लाल ने उससे पूछा,÷तुम्हारी द्विचक्रिका कहां है?

बेटा चकराया व बोला,÷नहीं पापा मुझे चक्कर नहीं आ रहा है।

सुंदर लाल गुस्से से बोला,÷अरे मूर्ख तेरी साईकल कहां है।

बेटा भी ऐंठ से बोला,÷तो ऐसे हिंदी में नहीं पूछ सकते थे क्या? बाहर खड़ी है।

इतने में बेटी भी आ गयी, सुंदर लाल बोले, आओ बेटी, आज विश्वविद्यालय नहीं गयी?

बेटी लापरवाही से बोली, नहीं पापा, आज मैं यूनिवर्सिटी चली गयी थी।वहीं लेट हो गयी।

सुंदर लाल का पारा चढ़ गया, अरे मैं क्या फ़ारसी में पूछ रहा हूँ।

उनकी धर्मपत्नी सरसों के तेल की बत्ती ले कर आई व बोली, बेटी, पता नहीं आज जब से घर आये हैं।पता नहीं कौन सी लैंग्वेज बोल रहे हैं।लगता है इन पर ओपरा असर हो गया है।लगता है कोई जर्मन भूत घुस गया इनके अंदर।अभी नज़र उतारती हूं।

सुंदर लाल हैरानी से बोले, अरे भाई मैं हिंदी ही बोल रहा हूँ।अपनी मातृभाषा।कल मैं अपने एक मित्र के पास सुबह लोहपथगामिनी से लखनऊ जा रहा हूं।

बेटा बोला, पापा ट्रेन से चले जाना, लोहे के ट्रक में क्यों जा रहे हो?

सुंदर लाल ने अपना माथा पकड़ लिया व कानों को हाथ लगाया कि अब हमेशा अपने वाली हिंदी ही बोलूंगा। क्योंकि हिंदी डे के चक्कर में कहीं पत्नी तांत्रिक से ही झाड़ू की पिटाई न करवा दे। इतने में बेटी ने पूछा, पापा, मदर्स डे, फादर्स डे का तो पता है, ये। मत्रा डे कब आता है।

विनय मोहन खारवन
सेक्टर 18, जगाधरी, हरियाणा

पीएम मोदी के सीजेआई के घर पहुंचनें पर आर्टिकल 50 की बात शुरु

देश में इनदिनों गणपति महोत्सव की धूम है। इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के घर पूजा समारोह में हिस्सा लिया, इसकी तस्वीरें और वीडियो वायरल है। लेकिन अब बार-बार आर्टिकल 50 की बात होने लगी है। संविधान के इस अनुच्छेद में सेपरेशन ऑफ पावर का जिक्र है।

कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स (सीजेएआर) ने इस भेंट को एक गलत मिसाल बताया क्योंकि उसके मुताबिक ये सत्ता के सेपरेशन और न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती है। दरअसल सीजेएआर जजों का एक ग्रुप है, जो जजों की जवाबदेही तय करने पर काम करता है। ये ग्रुप कुछ पुराने उदाहरणों को उठाता है, जैसे साल 2019 में तत्कालीन चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने अपने खुद के मामले की सुनवाई कर नियमों की अनदेखी की। इसी साल की शुरुआत में कोलकाता हाई कोर्ट के जज अभिजीत गांगुली इस्तीफा देकर तुरंत एक राजनैतिक पार्टी में शामिल हो गए। रिटायरमेंट के बाद कई जज तुरंत बाद ही राज्यसभा के सदस्य बने। पीएम मोदी और चीफ जस्टिस की मुलाकात को लेकर सीजेएआर सहित विरोधी खेमा लगातार आर्टिकल 50 का हवाला दे रहा है।

आखिर क्या हैं आर्टिकल 50

ड्राफ्ट आर्टिकल 39-ए (अब आर्टिकल 50) पहले संविधान के मसौदे में शामिल नहीं था। नवंबर 1948 में आर्टिकल को संविधान सभा में पेश कर चर्चा हुई। इसके बाद तय हुआ कि तीन सालों के भीतर सार्वजनिक सेवाओं में कार्यपालिका और न्यायपालिका एकदम अलग हो जाए।

बता दें कि ब्रिटिश काल में देश के ज्यादातर हिस्सों में न्यायिक और कार्यकारी शाखाएं जुड़ी थीं। कंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया की वेबसाइट कहती है कि संविधान सभा का एक सदस्य इसके खिलाफ था। सदस्य को आशंका थी कि इससे न्यायपालिका को जरुरत से ज्यादा ताकत मिल जाएगी। जवाब में दलील दी गई कि लोकतंत्र में न्यायिक आजादी भी उतनी ही अहम है। आखिरकार बहस खत्म हुई और संविधान सभा ने इस आर्टिकल को स्वीकार कर लिया। इसके जरिए सारी ताकत को एक जगह जमा होने से रोका जाता है। अगर न्यायिक और एग्जीक्यूटिव पावर एक ही हाथ में हों तब पक्षपात का डर बढ़ जाता है। कार्यपालिका अगर मनमानी करती हैं, तब न्यायपालिका उसे टोक सकती है, इससे निष्पक्षता बनी रहती है। सत्ता और अदालतों के विकेंद्रीकरण के जरिए करप्शन पर लगाम लग सकती है। अदालतें किसी भी तरह के प्रेशर से हटकर स्वतंत्र फैसले दे सकती हैं।

क्या कहती है सर्वोच्च अदालत

ज्यूडिशियरी और एग्जीक्यूटिव ताकतों को अलग रखने पर मई 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ी बात की थी। एक बैठक के दौरान तय हुआ था कि जजों को अपने पद की गरिमा बनाए रखकर कुछ हद तक अलग रहने की प्रैक्टिस करनी चाहिए। उन्हें पता होना चाहिए कि वे जनता की निगाहों में हैं और उनसे कोई ऐसी भूल या काम न हो, जो पद की गरिमा को चोट पहुंचाता हो। हालांकि ये भी सही है कि प्रधानमंत्री और देश के मुख्य न्यायाधीश की कई बार मुलाकातें होती हैं और ये संविधान द्वारा उन्हें प्रदत्त अधिकारों और जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए जरूरी होती हैं। मुख्य सतर्कता आयुक्त, सीबीआई प्रमुख जैसे कई शीर्ष पदों पर नियुक्तियां पीएम, सीजेआई और नेता प्रतिपक्ष मिलकर करते हैं, इसके बाद स्वाभाविक रूप से उन्हें सार्वजनिक कार्यक्रमों के इतर भी मिलना ही होता है।

निगम मंडलों के कर्मचारियों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार

विभागों में सुविधाओं के आदेश, निगम मंडलों को अब तक नहीं मिली ऑर्डर कॉपी

इंदौर। मध्यप्रदेश ऐसा राज्य है , जहां पर विभागों को तो शासन के आदेशों की प्रति भेजी जाती है, लेकिन उसके अधीन आने वाले निगम मंडलों को भुला दिया जाता है। इसकी वजह से कर्मचारियों की सुविधाओं के आदेश की प्रति नहीं आने की वजह से निगम मंडलों में ऐसे आदेश पर पालन ही नहीं हो पता है। इसका खामियाजा निगम मंडलों के कर्मचारियों को उठाना पड़ता है।

यह हाल प्रदेश के निगम मंडलों के तब हैं, जबकि इन्ही निगम मंडलों के माध्यम से अधिकांश महत्वपूर्ण कामों को किया जाता है। इतना ही नहीं अपनी ही पार्टी के लोगों को अध्यक्ष पद देकर उपकृत भी इनमें ही किया जाता है। दरअसल, इस तरह की स्थिति वर्ष 2008 से बन रही है।

समय-समय पर सामान्य प्रशासन विभाग भी सभी डिपार्टमेंट को पत्र लिखता रहा है। नियम यही है कि विभाग से जो आदेश जारी होते हैं। उसकी एक पृष्ठांकित आदेश प्रति उस निगम संस्था के लिए भी भेजी जानी चाहिए, जिसके अधीन वह संचालित हो रहा है। अब हालत बन रहे हैं कि विभाग में तो कर्मचारियों को शासन की सुविधाओं का समय से लाभ मिल जाता है, लेकिन, उसी विभाग के अधीन संचालित निगम में कार्यरत कर्मचारियों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है।

एमपी एग्रो, महिला वित्त विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, हाउसिंग बोर्ड, हस्त शिल्प विकास, वन विकास, वेयर हाउसिंग, पर्यटन विकास सहित अनेक निगम कर्मचारियों का कहना है कि वर्ष 2008 से यह हालात बने हैं, जबकि कई बार जीएडी भी सभी विभागों को निर्देशित कर चुका है कि विभाग में जैसे ही आदेश जारी हो तो उसकी एक पृष्ठांकित प्रति संबंधित डिपार्टमेंट के अधीन चलने वाले निगम को भी भेजी जाए, ताकि निगम मंडलों, बोर्ड परिषदों, सहकारी संस्थाओं के लोक सेवकों को भी यह लाभ मिल सके।

वर्ष 2014 में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान भी इस संबंध में निर्देशित कर चुके हैं। फिर भी निगम कर्मचारियों को विभागों की तरह समय से शासकीय सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

इस तरह के मामलों में पीछे

जब भी केंद्र अपने कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता का लाभ देता है। इसके बाद राजकीय कर्मचारियों के लिए आदेश जारी होते हैं। इस आर्डर की प्रति निगमों में नहीं पहुंचने के कारण यहां कर्मचारी इस प्रासंगिक फायदे से वंचित रहते हैं। समयमान, क्रमोन्नति त्यौहार भत्ता जैसी सुविधाएं कर्मचारियों को समय पर मिलना दूर रहती हैं।

हाल में पूर्व सरकार ने महिला बाल विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, मेडिकल एज्युकेशन, कृषि, स्वास्थ्य लोक निर्माण, जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकी सहित अनेक विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के लिए अवकाश, ग्रेच्युटी, अनुकंपा जैसी सुविधा संबंधी आदेश जारी किए थे। अभी तक निगम मंडलों में इसकी पृष्ठांकित प्रति नहीं पहुंची है।

प्रदेश में त्योहारी सीजन में हिंसा के इनपुट

इंदौर। त्योहारी सीजन में मप्र पुलिस को हिंसा से जुड़े इनपुट मिले हैं। जिसके मद्देनजर पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को अलर्ट पर रहने और त्योहारी सीजन में सतत निगरानी के निर्देश जारी किए हैं। राज्य के डीजीपी सुधीर सक्सेना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में सभी से त्योहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए गंभीरता से योजना तैयार करने की हिदायत भी दी। हिंसा के इनपुट को लेकर पुलिस कितनी गंभीर है इसका पता विभाग द्वारा की जा रही कवायदों को देखने से भी मिलता है।

डीजीपी ने खुद संभाली कमान, अधिकारियों की छुट्टी पर सख्त

पुलिस मुख्यालय से जो एडवायजरी जारी हुई है उसमें कहा गया है बहुत ज़रूरी होने पर ही अधिकारी छुट्टी लें। इसके अलावा अतिरिक्त बल के लिए भी तमाम जिलों से जानकारियां मांगी जा रही है।

अशांति फैलाने वालों पर जिला बदर की कार्रवाई करने के भी निर्देश जारी किए हैं।इसके साथ ही पुलिस के तमाम बड़े अधिकारियों को जिला मुख्यालय नहीं छोड़ने की हिदायत भी दी गई है। इतनी जद्दोजहद इसलिए क्योंकि हाल के सालों में राज्य में त्योहारों के दौरान हिंसा का इतिहास रहा है। पहले उस पर निगाह डाल लेते हैं।

कुछ जिलों से गड़बड़ी के इनपुट मिल

अभी बीते दिनों ही रतलाम में गणेशोत्सव के दौरान हिंसा हुई थी। जिसके बाद जिले के पुलिस कप्तान का तबादला किया गया है। राज्य की खुफिया एजेंसियों को त्योहरी मौसम में और भी कुछ जिलों से गड़बड़ी के इनपुट मिले हैं। जिसके बाद पुलिस सतर्क हो गई है। डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना ने खुद कमान संभालते हुए सभी पुलिस कमिश्नर और एसपी को त्यौहारी सीजन में अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

भोपाल के पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा ने बताया कि हम रोजाना सभी से फीडबैक ले रहे हैं और लगातार बैठकें कर रहे हैं। त्योहार के दौरान निकलने वाली झांकी के लिए नोडल अफसर भी बना दिए गए हैं। जाहिर है त्योहारी सीजन में लोग सुकून और शांति के साथ पूजा कर पाएं इसके लिए पुलिस विभाग ने कमर कस ली है।

फिर अटक सकती है कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी

दिल्ली में फंसी हुई है मप्र कांग्रेस की सूची

इंदौर। आज नहीं तो कल की राह देख रहे कांग्रेसियों को अभी प्रदेश कार्यकारिणी के लिए और इंतजार करना पड़ सकता है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की लाख कोशिशों के बावजूद दिल्ली में सूची अटकी हुई है। पहले कहा जा रहा था कि सूची गणेशोत्सव के दौरान जारी हो सकती है, लेकिन अब उसमें भी मात्र 5 दिन बचे हुए हैं। अगर ऐसी ही लेटलतीफी चलती रही तो फिर सूची श्राद्ध पक्ष में भी घोषित की जा सकती है।

10 दिन पहले जीतू पटवारी ने दिल्ली में कांग्रेस के बड़े नेताओं से मुलाकात की थी और फिर भोपाल आने के बाद उन्होंने संकेत दिए थे कि प्रदेश कार्यकारिणी की सूची का मसला सुलझ गया है और सूची जल्द ही घोषित हो जाएगी, लेकिन सूची अभी तक घोषित नहीं हो पाई है। सूची को लेकर पहले ही कांग्रेस के बड़े नेताओं में विवाद चल रहा था और जीतू पटवारी की पदाधिकारियों के कम संख्या में रखे जाने की जिद को लेकर कांग्रेस के ही बड़े नेताओं ने मनमानी का आरोप लगाया था। कमलनाथ के अचानक प्रदेश में सक्रिय होने के बाद भी सूची अटकने की संभावना बढ़ गई है। दिग्विजय सिंह से जरूर पटवारी की चर्चा हो गई थी। वहीं उमंग सिंघार, अरुण यादव, अजय सिंह जैसे नेताओं के समर्थकों के नाम भी शामिल किए गए हैं, लेकिन पटवारी का प्रयास अभी भी यही है कि कार्यकारिणी छोटी हो, ताकि कांग्रेस को मजबूती दी जा सके। इसके बाद अब गणेशोत्सव में सूची का आना असंभव-सा नजर आ रहा है। सूत्रों का कहना है कि सूची को श्राद्ध पक्ष में भी घोषित किया जा सकता है।

सरकारी विभागों में खोजे जाएंगे मरे हुए कर्मचारी

इंदौर। मध्यप्रदेश की सरकारी विभागों में मरे हुए कर्मचारी खोजे जाएंगे। 5 साल से विभाग को जानकारी दिए बिना लापता कर्मचारियों को विभाग डाइस नान घोषित करेगा। 30 साल पुराने नियमों का हवाला देते हुए वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी विभागों को निर्देश दिए है। 5 साल तक राज्यपाल की बिना अनुमति अवकाश वाले कर्मचारियों की जानकारी जुटाना के आदेश दिए हैं। साल 1994 में सरकारी विभाग से बिना बताए लापता होने वाले कर्मचारियों के लिए सामान्य प्रशासन विभाग में एक आदेश जारी किया था। राज्यपाल बिना किसी विशेष परिस्थिति के संबंधित व्यक्ति को 5 साल के लिए अवकाश स्वीकृत नहीं करते है, ऐसी स्थिति में डाइस नान श्रेणी में विभाग संबंधित व्यक्ति को शामिल करेगा। डाइस नॉन से जुड़े हुए संबंधित चरणों को विभागीय स्तर के साथ प्रशासकीय स्तर पर निपटने के लिए भी वित्त विभाग ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए है।

कांग्रेस नेता ने जिन परिवहन आरक्षकों की भर्ती पर सवाल उठाए थे

11 साल पहले व्यापमं के जरिए हुई थीं भर्तियां

इंदौर। 11 साल पहले व्यापमं द्वारा आयोजित परीक्षा के जरिए भर्ती हुए 45 परिवहन आरक्षकों की नौकरी पर संकट गहरा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने महिला पदों के विरुद्ध भर्ती किए गए पुरुषों की नियुक्ति समाप्त करने का फैसला दिया है। खास बात यह है कि 2013 में परिवहन आरक्षकों की भर्ती परीक्षा को लेकर कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने सवाल उठाए थे। इस मामले में मिश्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज भी किया गया था।

परिवहन विभाग ने महिला आरक्षकों के 52 पदों के विरुद्ध पुरूषों की भर्ती कर ली थी। तब कांग्रेस नेता ने प्रदेश के बाहर के लोगों को मप्र का निवासी बताकर परिवहन आरक्षक के पद पर भर्ती करने का मामला उठाया था। इसके बाद 7 लोग नौकरी छोडक़र चले गए थे। जबकि 45 नौकरी कर रहे हैं। जिनकी नियुक्ति को ग्वालियर निवासी हिमादी राजे ने कोर्ट में चुनौती दी। पहले मप्र हाईकोर्ट ने भी नियुक्ति रद्द करने का फैसला दिया था।

इसके खिलाफ परिवहन विभाग सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। वहां से भी परिवहन विभाग को निराशा हाथ ली है। सुप्रीम कोर्ट में फिर इसकी सुनवाई 13 सितंबर को होना है। सुप्रीम कोर्ट में परिहवन आयुक्त से लेकर विभाग के प्रमुख सचिव एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव को पार्टी बनाया गया है।

आयुष्मान योजना में नहीं हो पा रहा मरीजों के इलाज एनएचए से नहीं मिलती मंजूरी

इंदौर। आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिलने वाले मुफ्त इलाज में कई मामलों को राष्टीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा अस्वीकार कर दिया जाता है। रोजाना मरीजों के इलाज के मामलों मे स्वीकृति नहीं मिलती है। इसके प्रमुख कारणों में अस्पतालों का सूचीबद्ध न होना, समय पर एनएचए से मंजूरी न मिलना तय बीमा राशि से अधिक खर्च होने के मामले में आयुष्मान के मरीजों का प्रकरण निरस्त कर दिया जाता है।

मरीजों को अस्पताल में भरना पड़ता है पैसा

मरीजों के ट्रांसप्लांट और गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अस्पतालों मे आवेदन तो किए। कई मामलों में अस्पताल एनएचए के तहत उस तरह के इलाज के लिए इम्पैनल्ड नहीं होते हैं । इसके चलते मरीजों के उपचार दावे स्वीकृत नहीं हुए।

अस्पतालों द्वारा मरीज से पैसा जमा कराया जाता है। हाल ही मे एक मरीज को लीवर ट्रांसप्लांट के लिए 1.6 लाख रुपये की जरूरत थी। लेकिन वह अस्पताल एनएचए से इम्पैनल्ड न होने के कारण मामला रिजेक्ट कर दिया गया। जब मरीज अस्पताल में पहुंचते हैं। अस्पतालों को कई बीमारियों के लिए

एनएचए ने इन पैनल नहीं किया होता है। अस्पताल के संचालक मरीज से पैसा जमा कराते हैं। यदि आयुष्मान से पैसा नहीं मिलता है तो इसका पैसा मरीजों को ही देना पड़ता है।

आयुष्मान योजना के तहत केवल उन्हीं अस्पतालों को मंजूरी दी जाती है। जो एनएचए के तहत पंजीकृत होते हैं। बीमा पैकेज की तय सीमा 5 लाख रुपये है। यदि इलाज की लागत इस सीमा से अधिक होती है। तो स्वीकृति नहीं मिलती है। जिसके कारण मरीजों को आयुष्मान का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उदाहरण के तौर पर, एक केस में इलाज की लागत 5 लाख से अधिक होने के कारण उसका पूरा प्रकरण ही रिजेक्ट कर दिया गया।

आयुष्मान भारत योजना मे कई मरीजों के केस बीमा सीमा और एनएचए से जुड़ी प्रक्रियात्मक दिक्कतों के चलते मरीज का इलाज नहीं हो पा रहा है। जिससे मरीजों और उनके परिवारजनों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अस्पताल के संचालक भी इसमें दौहरा खेल खेलते हैं। जिसके कारण आयुष्मान योजना का कार्ड होते हुए भी लोगों को अस्पताल में भुगतान करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायतें गैस एजेंसियों, पेट्रोल पम्पों के साथ चलाएंगी किराना स्टोर भी

इंदौर। ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहकारिता विभाग अब कई अधिकार उन्हें देगा। दरअसल केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इसकी पहल की है और केन्द्रीय को-ऑपरेटिव विभाग ने एक प्रस्ताव तैयार किया, जिसे देशभर में लागू किया जाना है और मप्र की 23 हजार ग्राम पंचायतों को भी इसका लाभ मिलेगा। हर ग्राम पंचायत की एक सोसायटी गठित की जाएगी, जो किराना स्टोर, गैस एजेंसियों, पेट्रोल पम्पों के साथ अन्य गतिविधियों का संचालन करेगी। इससे उसकी आर्थिक सेहत भी दुरुस्त होगी। वहीं अन्य अधिकार भी इन पंचायतों को दिए जाएंगे। अभी तक प्राथमिक साख संस्थाएं गठित की जाती हैं। अब उसी आधार पर सहकारिता विभाग इन पंचायतों को और अधिकार सम्पन्न और आर्थिक दृष्टि से भी मजबूत बनाएगा। भोपाल सहित प्रदेशभर में फिलहाल 23 हजार ग्राम पंचायतें हैं, जबकि उनमें प्राथमिक साख सहकारी संस्थाओं की संख्या लगभग साढ़े 4 हजार ही है। यानी आबादी बढ़ती रही मगर संस्थाओं की समितियों की संख्या ही रही है। संभव है बारिश बाद मंडी समितियों के भी चुनाव हों।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com